CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 22°C

लखनऊ, मंगलवार 21 अप्रैल 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 164 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 2 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी सरकार की विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल पेज 2



तिलक वर्मा का पहला आईपीएल शतक, सात छक्के लगाए खेल टाइम्स



शहर की सेहत ठीक नहीं: हमारी आदतें इसका रोग हैं सम्पादकीय



कूटनीतिक बातचीत सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार: अजीजी पेज 12

# इस्लामाबाद में दूसरे दौर की वार्ता पर सस्पेंस

## ट्रम्प ने पाक आर्मी चीफ से की बात, मुनीर बोले: होर्मुज स्ट्रेट पर नाकाबंदी रही, तो बातचीत मुश्किल

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज स्ट्रेट पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे। सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई।

आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दरअसल, अमेरिका ने ईरान के पास समुद्र में नाकेबंदी कर रखी है। इससे नाराज होकर ईरान ने शनिवार को होर्मुज को बंद कर दिया था। अमेरिका और ईरान के तनाव बढ़ने की वजह ट्रम्प की ईरान को धमकी और ईरानी जहाज 'टौस्का' को कब्जे में लेना है। इसे लेकर ईरान ने नाराजगी जताई और इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे। होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे युद्धविराम आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए, ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले। ईरान ने इस्लामाबाद में होने वाले शांति वार्ता के दूसरे दौर में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। ईरान ने अमेरिका की मांगों और नाकेबंदी को इस फैसले का मुख्य कारण बताया है। ट्रम्प ने फिर कहा है कि ईरान के पास शांति समझौते के लिए यह आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह वही गलती नहीं दोहराएंगे। वहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि देश अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध को सम्मान और समझदारी के साथ खत्म करने की कोशिश करेगा। तेहरान में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ईरान मौजूदा हालात को बुद्धिमत्ता और संतुलन के साथ संभाल रहा है।

- अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन, ऐसे में वार्ता की उम्मीद कम: ईरान

### अमेरिकी बलों ने ईरानी जहाज किया जब्त


**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया, जिससे पश्चिम एशिया में नाजुक दौर से गुजर रही शांति पर और अनिश्चितता व्याप्त हो गई है। ईरान ने पुष्टि की कि अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी जहाज 'टौस्का' को 'हमला कर जब्त' किया, जिसे उसने युद्धविराम का उल्लंघन बताया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खत्म उल-अंबिया मुख्यालय ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई ईरानी वाणिज्यिक जहाजों पर हमला है और इसे 'सशस्त्र समुद्री डकैती' करार दिया। ईरान की अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, इस घटना के बाद ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर ड्रोन हमले भी किए, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी शर्तें 'अवास्तविक और अनुचित हैं और जब तक नाकेबंदी नहीं हटाई जाती, वार्ता संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका पर शर्तें बदलने का आरोप भी लगाया।

## ईरान को लेकर कुछ खतरनाक सोच रहे राष्ट्रपति ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर बढ़ते तनाव और बैक चैनल बातचीत की अटकलों के बीच व्हाइट हाउस की एक पोस्ट ने सियासी हलकों में हलचल तेज कर दी है। अमेरिका की ओर से जारी इस संदेश को महज एक मोटिवेशनल लाइन मानकर नजरअंदाज करना आसान नहीं है, क्योंकि समय और संदर्भ इसे कहीं ज्यादा तेज संकेत बना रहे हैं।

पूरी बात को ऐसे समझिए कि सोमवार को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि लॉक्ड-इन मोड: एक्टिवेटेड, इट्स मंडे, नो एक्सक्यूज, जस्ट विन। ऐसे तनावपूर्ण समय में व्हाइट हाउस के इस पोस्ट ने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि बातचीत की डगर पर ईरान अपना रुख साफ नहीं कर रहा, तो क्या अमेरिका कुछ बड़ा करने जा रहा है? सवाल ये भी पूछे जा रहे हैं कि सोमवार का दिन तेहरान में कुछ बड़ा करने जा रहे हैं ट्रम्प? इतना ही नहीं ये सवाल तो खूब पूछे जा रहे हैं कि बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम है?

- व्हाइट हाउस के पोस्ट से बढ़ी चिंता
- लिखा: आज सोमवार है, कोई बहाना नहीं
- बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम



## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल की जज बदलने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में सोमवार को हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की रिक्यूजल याचिका पर अपना फैसला सुनाया। केजरीवाल दिल्ली हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। इस दौरान केजरीवाल ने अपना जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड पर लेने की मांग की। सुनवाई को दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैडम अगर मेरा जवाब रिकॉर्ड पर नहीं लिया गया, तो यह न्याय के प्रति लापरवाही होगी। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा यदि किसी न्यायाधीश का फैसला ऊपरी अदालत द्वारा बदला जाता है, तो किसी भी प्रतिवादी को यह कहने का हक नहीं है कि आमुख जज फैसला करने योग्य नहीं हैं। जज की क्षमताओं पर फैसला इसकी उच्च अदालत करती है न की प्रतिवादी।

### दिल्ली दंगा साजिश केस में उमर खालिद को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने जमानत से इन्कार करने के अपने 5 जनवरी 2026 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले दिए गए फैसले की समीक्षा के लिए कोई ठोस आधार नहीं पाया गया। उमर खालिद ने इस मामले में जमानत न मिलने के फैसले को चुनौती देते हुए समीक्षा याचिका दायर की थी।

### जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान में सोमवार दोपहर 1:23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 10 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी ने इवाते, होक्काइडो और आओमोरी के तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के बाद इवाते पर करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं।

### हैदराबाद-हुबली फ्लाइट दो घंटे हवा में चक्कर काटती रही

**बेंगलुरु।** हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई-91 एयरलाइन की एक फ्लाइट रविवार को खराब मौसम के चलते 2 घंटे हवा में ही चक्कर काटती रही। खराब मौसम की वजह से प्लेन में सवार पैसेंजर्स को तेज झटके महसूस हुए, जिससे वे घबरा गए। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पैसेंजर रोते हुए और हाथ जोड़कर प्रार्थना करते दिख रहे हैं।

### सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले के मुख्य साजिशकर्ता को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले में हासिल किए गए सिम कार्ड खरीदने और बांटने में शामिल मुख्य साजिशकर्ता को गुवाहाटी में गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोपी की पहचान उबैद उल्लाह के रूप में की है। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन चक्र-5' के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य देश में संगठित साइबर अपराध की कमर तोड़ना है। सीबीआई एक ऐसे मामले की जांच कर रही है जिसमें 'विक्रय केंद्र' (पीओएस) एजेंट शामिल थे, जो गैर-कानूनी तरीके से सिम कार्ड जारी करने का काम कर रहे थे और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी, लोन घोटाले और निवेश धोखाधड़ी जैसे अपराधों में लिप्त साइबर अपराधियों की मदद कर रहे थे। आठ राज्यों में जांच के दौरान लगभग 45 जगहों पर तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप फर्जी या गैर-कानूनी तरीके से हासिल किए गए सिम कार्ड जारी करने में शामिल विक्रय केंद्रों के 10 आरोपी एजेंटों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी गुवाहाटी में गैर-कानूनी तरीके से जारी किए गए सिम कार्डों के एग्रीगेटर (जमा करने वाला) के तौर पर काम करता था।

# जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा, 21 यात्रियों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ।

बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका और बस सड़क से नीचे गिर गई। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज जीएमसी ऊधमपुर में किया जा रहा है। इधर, पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है।



- यात्री बोले- तेज रफ्तार बस का टायर फटा, ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका, 100 मीटर नीचे गिरी

### महाराष्ट्र का अकोला सबसे ज्यादा गर्म, 45 डिग्री टेम्परेचर

**नई दिल्ली।** राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ में लगातार चौथे दिन लू का कहर देखने को मिला है। राजस्थान के कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। महाराष्ट्र के अकोला और वर्धा में तापमान सबसे ज्यादा 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ये दोनों शहर रविवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे। बिहार के बक्सर में सोमवार को गर्मी के कारण 10 स्टूडेंट स्कूल में बेहोश हो गए। बक्सर मे पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बर्फबारी से मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद हैं।

## NCLT समाधान योजनाओं की मंजूरी में देरी, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रधान पीठ और अन्य पीठों द्वारा समाधान योजनाओं को मंजूरी देने में हो रही अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

शीर्ष अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं। अदालत दिवाला की कार्यवाही से जुड़े एक विवाद की सुनवाई कर रहा है, जिसमें आईआईएफएल के 85 करोड़ रुपये के दावे को शुरू में 2020 में पेशेवरों ने खारिज कर दिया था। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने इसे बाद में मंजूर कर लिया और 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने इसे सही ठहराया, जिसके बाद शीर्ष अदालत में अपील की गई। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें एक योजना लगभग दो सालों से लंबित पड़ी थी। अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं।

- कोर्ट ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया

### नेशनल हेराल्ड केस दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। ट्रायल कोर्ट ने 16 दिसम्बर 2025 को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 दिसम्बर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य ने साजिश के तहत करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्तियों पर कब्जा किया। इसके लिए यंग इंडियन कंपनी का इस्तेमाल किया गया, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी थी।

# होर्मुज में फंसे भारतीय नाविकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है।

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर खाड़ी देशों के साथ भारत की सक्रिय बातचीत जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 19 अप्रैल को सऊदी अरब का आधिकारिक दौरा किया, जहां उन्होंने ऊर्जा मंत्री, विदेश मंत्री और अपने समकक्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई। जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जायसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय दूतावास और बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं। उड़ानों, यात्रा व्यवस्था, वाणिज्य दूतावास सेवाओं और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गल्फ एयर ने बहरीन और भारत के बीच सीमित उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की है। अब तक 2,423 भारतीय नागरिक ईरान और अजरबैजान से बाहर निकाले जा चुके हैं। साथ ही जॉर्डन और मिस्र से भारतीय नागरिकों की भारत वापसी भी सुगम बनाई जा रही है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब उसे 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें घरेलू जरूरतों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन राज्यों ने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार में सहयोग दिया है, उन्हें 10 प्रतिशत अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी दी जा रही है। वर्तमान में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अतिरिक्त एलपीजी उपलब्ध कराई जा रही है।



- ईरान से हो रही लगातार बातचीत, होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर: जायसवाल

# आजम खां और बेटे अब्दुल्ला की 7-7 साल की सजा बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। रामपुर कोर्ट ने पैन कार्ड फ्रॉड से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में यह फैसला सुनाया था।

इससे पहले एमपी-एमएलए कोर्ट ने भी दोनों को सात साल की सजा दी थी। इसके खिलाफ आजम खां और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी। मामला 2019 का है, जब भाजपा नेता और रामपुर नगर विधायक आकाश सक्सेना ने कोतवाली सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवम्बर 2025 को दोनों को दोषी ठहराया था। कोर्ट ने दोनों को 7-7 साल की सजा सुनाई और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस सजा के बाद से समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम जिला जेल में बंद हैं।

- फर्जी पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट का फैसला
- बेटे को चुनाव लड़ाने के लिए बढ़ाई थी उम्र

## संक्षिप्त समाचार

### 'स्मार्ट सिटी' बस विस्तार के विरोध में हड़ताल

**श्रीनगर।** 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं के जिला मार्गों तक विस्तार के प्रस्ताव के विरोध में परिवहन चालकों की हड़ताल के कारण सोमवार को श्रीनगर सहित कश्मीर के कई हिस्सों में जनजीवन और यातायात आंशिक रूप से प्रभावित रहा। हड़ताल के चलते सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम यातायात देखने को मिला। श्रीनगर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही न्यूनतम रही, क्योंकि परिवहन चालकों ने 'चक्का जाम' के आह्वान पर अपने वाहन नहीं चलाए। इसका सबसे ज्यादा असर आम यात्रियों और छात्रों पर पड़ा। कई लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके, जबकि कश्मीर विश्वविद्यालय में परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में प्रभावित छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की गई। हड़ताल का आह्वान परिवहन चालकों ने सरकार की उस योजना के विरोध में किया, जिसके तहत 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं को शहर से बाहर जिला मार्गों तक विस्तारित करने की तैयारी है।

### आजमगढ़ में सात करोड़ के नशीले पदार्थ किए गए स्वाहा

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में नशा तस्करों के मंसूबों को राख में मिलाते हुए पुलिस प्रशासन ने ऑपरेशन दहन' के अंतर्गत भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देश पर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए करोड़ों रुपये की नशीली खेप को भट्टी में झोंक. कर नष्ट कर दिया। जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आज आजमगढ़ पुलिस द्वारा यह कार्रवाई कराई गई।

# महिला आरक्षण पर उप्र में छिड़ा सियासी घमासान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को देर रात मंजूरी दी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रणनीति तेज कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को रविवार रात कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के बाद इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई है।

विपक्ष जहां विधेयक की खामियों को गिनाकर अपने विरोध को सही ठहरा रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर है और इसे चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इस मामले में विपक्ष पर तीखा हमला बोल चुके हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के रवैए की तुलना 'द्रौपदी चीरहरण' से करते हुए इसे महिला सम्मान और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार 30 अप्रैल को होने वाले इस विशेष सत्र में सरकार महिला आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी और विपक्ष के रुख को लेकर उसे घेरने की रणनीति अपनाएगी। सत्र के दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की भी चर्चा है। चूंकि सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को कम से कम सात दिन पहले सूचना देना जरूरी होता है, इसलिए प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दी गई। अब इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है। वहीं, विपक्ष इस विधेयक को अधूरा और खामियों से भरा बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में 30 अप्रैल को होने वाला यह विशेष सत्र सिर्फ विधाई कार्यवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सीधी राजनीतिक टकराहट का मंच भी बनेगा, जहां दोनों पक्ष महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता के सामने अपनी-अपनी रणनीति और संदेश रखने की कोशिश करेंगे।

### महिला आरक्षण पर अजय राय ने केंद्र सरकार को घेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में अजय राय ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष को बधाई दी गई थी, जबकि हाल ही में दिए गए संबोधन में कांग्रेस को ही इसके पारित न होने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री का 'दोहरे मापदंड' वाला रवैया बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर इसके लागू होने में जानबूझकर देरी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग करती रही है और अपने 'न्याय पत्र' में भी इसका उल्लेख किया था कि सरकार बनने पर इसे तुरंत लागू किया जाएगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, वार्ता



**■ शांति वार्ता में पाकिस्तान की मेजबानी पर भारतीय कूटनीति में बदलाव जरूरी: जयराम**

कांग्रेस ने सरकार पर पाकिस्तान को उसकी नीतियों के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर 'दलाल' बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को एक बयान में इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका बताया और कहा कि अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है। उन्होंने विदेश मंत्री पर भी निशाना साधा और कहा कि बहुत जानकार और हमेशा सलीके से पेश आने वाले विदेश मंत्री ने जिस देश को 'दलाल' बताया था, वही आज अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी कर रहा है। बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके और 1.43 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड की एक किश्त का भुगतान कर सके। रमेश ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन जैसे सभी आतंकवादियों को शरण दी, अफगानिस्तान में ड्रग पुनर्वास केंद्रों पर बमबारी की और हाल में पहलगाम आतंकवादी हमले की साजिश रची। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही है, जबकि नवम्बर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय भारत ने पाकिस्तान पर प्रभावी दबाव बनाया था।

# होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर युवा वकील ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, वार्ता

**■ मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई**

दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रशिक्षु के तौर पर कार्यरत 26 साल के एक वकील ने कथित तौर पर कनॉट प्लेस स्थित 'द रॉयल प्लाज़ा' होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस घटना की जानकारी शनिवार रात करीब 9:15 बजे कनॉट प्लेस थाने को मिली। इसके बाद थाना प्रभारी (एसएचओ) के नेतृत्व में पुलिस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि उन्होंने शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे होटल में चेक-इन किया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि सिंह ने कथित तौर पर होटल की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी थी। उन्हें तुरंत लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपराध शाखा की टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। जांच के हिस्से के तौर पर होटल परिसर के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिवार वालों के बयानों के आधार पर, इस घटना में किसी भी तरह की साजिश या गड़बड़ी की आशंका नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे

# गेहूं खरीद में उप्र के किसानों को बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार का अहम फैसला, गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए योगी ने सतर्कता और तैयारी का दिया संदेश**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद को लेकर अहम फैसला लिया है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने यह निर्णय किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। हाल के दिनों में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के कारण कई किसानों को गेहूं बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में ढील देने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत किसान पूर्व के वर्षों की तरह सीधे क्रय केंद्रों पर जाकर अपना गेहूं बेच सकेंगे। इससे विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस फैसले को तुरंत लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो। सरकार के इस कदम को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है, जिससे गेहूं खरीद प्रक्रिया में तेजी आने के साथ ही किसानों को समय पर भुगतान मिलने का रास्ता भी आसान होगा। वहीं भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक भावनात्मक और जागरूकता से भरपूर संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने जहां मौसम के बदलते चक्र और उसके प्रभावों पर चिंता जताई, वहीं सरकार की तैयारियों और नागरिकों के लिए जरूरी सावधानियों का भी विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे मौसम का एक निश्चित चक्र होता है, वैसे ही फसलों का भी चक्र चलता है।

### बंगाल में योगी का टीएमसी पर तीखा प्रहार

**मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिगला विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है। भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना और सुवेंदु सामंत के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया सक्रिय हैं, जो राज्य के संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 'जय श्रीराम' के नारे से चिढ़ है और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वहां भी कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, लेकिन अब 'नो कर्फ्यू-नो दंगा' का माहौल है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78520.30
निफ्टी 24364.85



सोना 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता




बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक मामूली बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक (0.03 प्रतिशत) चढ़कर 78,520.30 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत ऊपर 24,364.85 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज काफी उतार चढ़ाव देखा गया। विशेषकर शुरुआती कारोबार में बढ़त में खुलने के बाद प्रमुख सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस के स्तर के मुकाबले ऊपर. नीचे होते रहे। कोराबार की समाप्ति से पहले भी कुछ देर के लिए सेंसेक्स लाल निशान में गया था, लेकिन अंत में ऊपर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह ऊपर 78,942.45 अंक तक और नीचे 78,203.30 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजारों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.19 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.45 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। सार्वजनिक बैंकों, मीडिया, ऑटो, तेल एवं गैस और वित्तीय समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। आईटी, धातु, निजी बैंकों, एफएमसीजी, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक में ढाई फीसदी, एशियन पेंट्स में दो फीसदी और एनटीपीसी तथा बजाज फाइनेंस में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही।

इंडिगो, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे।एलएंडटी और बीईएल में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा और टाइटन के शेयर भी टूट गए।

# कानुपर में हुई 'सूर्य रथ' की शुरूआत हर घर सोलर का अभियान तेज

कानपुर, वार्ता



उत्तर प्रदेश में पहली बार कानपुर नगर से आज 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूपी नेडा के सहयोग से नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में नीलिमा कटियार, विधायक, कल्याणपुर तथा दीक्षा जैन, मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, परियोजना अधिकारी, यूपी नेडा द्वारा सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि यह पहल शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने, नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। श्रीमती कटियार ने अपने संबोधन में कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन एवं सोलर पैनल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को सतत, सुरक्षित एवं किफायती बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'सोलर रथ' रहा, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को योजना के प्रति जागरूक करेगा तथा उन्हें रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


# उधमपुर बस हादसे पर प्रियंका गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया साइट पर सोमवार को जारी अपने संदेश में उन्होंने लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने की वजह से 21 लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के रामनगर क्षेत्र के खगोते के पास एक यात्री बस हादसे का शिकार हो गई है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब छह लोग घायल हुए हैं। कुछ की हालत गंभीर है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया है।

# संस्कृत राष्ट्र की आत्मा: मोहन भागवत

नई दिल्ली, वार्ता



**■ लोगों से की सीखने की अपील**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए लोगों से इसे सीखने अपील की है। भागवत ने दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को कहा कि संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान और वैश्विक प्रसार में अग्रणी संस्था संस्कृत भारती का नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय भवन 'प्रणव' नौ मंजिला है और यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। श्री भागवत ने कहा कि अक्षयं तृतीया के दिन जो कार्य प्रारंभ होते हैं, वह अक्षुण्ण रहते हैं। यही बात संस्कृत के बारे में कहा गया है। कभी न क्षय होने वाला आभूषण संस्कृत है। उसका कार्यालय अपने आप में यह संदेश दे रहा है। कार्यालय के उद्घाटन में उसके आनंद उत्साह में कार्य का भाव भी स्थिर होना चाहिए। रुचि के साथ प्रयोजन भी हो, तो कार्य अच्छा और निरंतर होता है। साधन नहीं अवस्था में कार्य आरम्भ होता है। उन्होंने कहा, ष्संस्कृत एक भाषा है। फिर भी यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है, क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है। एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है, जो भारत में विद्यमान है। उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा कि भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है। यह महज एक राजनीतिक या आर्थिक इकाई नहीं है। भारत एक जीवंत परंपरा है, वह आधारशिला जिस पर जीवन की निरंतरता टिकी हुई है।ष संघ प्रमुख ने संस्कृत भाषा के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि बचपन में जब स्कूल में संस्कृत पढ़ाई जाती थी, तो यह कठिन लगती थी। पाठ्यक्रम में श्लोकों को याद करना अनिवार्य था, जिससे यह धारणा बनी कि संस्कृत एक कठिन भाषा है। फिर भी जब मैंने उन्हीं श्लोकों को घर पर स्वाभाविक रूप से बोलते हुए सुना, तो वे मुझे कभी भी कठिन नहीं लगे। उन्होंने कहा यह समस्या आज भी बनी हुई है। छात्र संस्कृत को एक कठिन भाषा मानते हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह इतनी कठिन क्यों लगती है? वास्तव में, किसी भाषा को सीखने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से है। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा को सीखने का सबसे आसान तरीका उसमें पूरी तरह डूब जाना और नियमित रूप से उसका उपयोग करना है। उन्होंने कहा जब भी मैं भारत भर में यात्रा करता हूं, भले ही मुझे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की विशिष्ट शब्दावली का ज्ञान न हो, फिर भी मैं भाव और अर्थ को समझ पाता हूं। निरंतर सुनने और बोलने से भाषा सहजतापूर्वक और बिना किसी प्रयास के सीखी जा सकती है। इसलिए भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उस भाषा को बोलने वाले लोगों के बीच रहें, उन्हें सुनें और लगातार उस भाषा को बोलें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में संस्कृत के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तनकारी बदलाव साफ रूप से दिखाई दे रहा है। बदलती परिस्थितियां लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

# मणिपुर में पारदर्शिता के साथ जरूरी कदम उठाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मणिपुर में पिछले तीन वर्षों से जारी हिंसा और अशांति को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुप्पी साध रखी है, जबकि राज्य में लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

कांग्रेस सांसद बिमोल अको. इजाम ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में मोदी पर मणिपुर हिंसा को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले तीन वर्षों से मणिपुर 'जल रहा है' लेकिन मोदी ने अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया और न ही राज्य का दौरा किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की यह चुप्पी और उदासीन रवैया राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होने कहा कि हाल के दिनों में भी राज्य में लगातार हिसक और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं, जो यह दर्शाती हैं कि स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से तत्काल हस्तक्षेप कर हालात को नियंत्रित करने और राज्य में शांति बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में जारी हिंसा और अस्थिरता से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बिमोल अकोइजाम ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस समिति ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी ने हालिया घटनाओं, विशेषकर दो बच्चों की हत्या के मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के साथ ही आयोग अधिनियम, 1952 के तहत न्यायिक जांच आयोग गठित कर वहां हो रही घटनाओं को लेकर पूरे मामले की जांच कराने की भी मांग की है।

# भाजपा ने जसोदा बेन को सम्मान नहीं दिया

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने पूछा: भाजपा ने कितने महिला पीएम, सीएम और स्पीकर बनाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाजपा पर महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व न देने का आरोप लगते हुए पूंछा कि भाजपा ने कितनी महिलाओं को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और स्पीकर बनाया। उनके द्वारा जसोदा बेन को सम्मान नहीं दिया गया।

कांग्रेस ने महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़ाने का दावा किया। उक्त विचार लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय नेहरू भवन, 1. माल एवेन्यू में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने व्यक्त किया। उन्होंने भाजपा पर महिलाओं के सम्मान और प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा बताए कि अब तक उसने कितनी महिलाओं को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और स्पीकर जैसे सर्वोच्च पदों पर बैठाया है। अजय राय ने कहा कि जसोदा बेन को सम्मान कब दिया जाएगा। जिस महिला को शादी करके घर लाया गया, उसे सम्मान नहीं दिया गया, तो भाजपा देश की महिलाओं को क्या सम्मान देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी सास के अंतिम संस्कार में जाने की इच्छा जताने पर उन्हें घर में हाउस अरेस्ट करा दिया गया।



**■ कहा: कांग्रेस हमेशा महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाया है और सबसे ज्यादा महिला प्रधानमंत्री दिए**

अजय राय ने कहा कि वर्ष 2.23 में महिला आरक्षण बिल पर प्रधानमंत्री द्वारा धन्यवाद का वीडियो दिखाया गया, लेकिन वास्तविक सम्मान और भागीदारी आज भी महिलाओं को नहीं मिली हैं। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाया।अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाया है और देश को सबसे ज्यादा महिला प्रधानमंत्री तथा महिला मुख्यमंत्री देने का काम कांग्रेस ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक जिम्मेदारियां दीं।पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद ने कहा कि महिलाओं के नाम पर राजनी. ति करने वाली भाजपा को पहले अपने संगठन और सरकारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान हिस्सेदारी के लिए लगातार संघर्ष करती रही है।

# कोर्ट का हाईटेंशन लाइन से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाईटेंशन बिजली लाइन से प्रभावित किसानों को केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार भुगतान करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने शामली जिले के चार किसानों की याचिका पर दिया है। याची भुल्लन सिंह और तीन अन्य की जमीन पर 22. केवी की हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन और टावर लगा दिए गए थे। इससे फसल, पेड़ और जमीन की कीमत पर असर पड़ा। इसके लिए किसानों को केवल आंशिक मुआवजा दिया गया था। वहीं तार



के नीचे आने वाली जमीन के लिए कोई भुगतान नहीं किया गया। याचिकाकर्ताओं ने इसके लिए कई बार शिकायत और प्रत्यावेदन दिया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। साथ ही पुलिस की मदद से फरवरी 2.26 में सप्लाई भी चालू कर दी गई। बाद में 1. मार्च 2.26 को आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि राज्य सरकार ने 14 जून 2.24 की नई गाइडलाइन लागू नहीं की है। कोर्ट ने पाया कि केंद्र सरकार ने 14 जून 2.24 की गाइडलाइन में टावर बेस क्षेत्र के लिए जमीन मूल्य का 2.. फीसदी और तार के नीचे की जमीन के लिए 3. फीसदी मुआवजा देने का प्रावधान किया है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार पहले की 2.15 वाली गाइडलाइन तो लागू कर चुकी है। लेकिन, 2.24 की नई गाइडलाइन को लागू न करना अन्याय है। सरकार चयनात्मक रवैया नहीं अपना सकती है। भले ही जमीन का अधिग्रहण नहीं हुआ है, पर हाईटेंशन लाइन गुजरने के बाद जमीन के उपयोग पर कई स्थायी प्रतिबंध लग जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा साहब और रविदास की मूर्तियों को किया क्षतिग्रस्त

**प्रयागराज।** गंगापार इलाके के झूंसी थाना क्षेत्र के नई झूंसी कोहना में स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित भीमराव अंबेडकर, संत रविदास और महात्मा बुद्ध की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। मूर्तियों के ऊपर नीला पेंट डाल दिया गया है। पार्क की दीवारों पर अश्लील चित्र बनाए गए हैं और महापुरुषों के बारे में अपशब्द लिखे गए हैं। सुबह घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बसपा नेता दीपचंद्र ने थाने में तहरीर दी है।

### नौ साल में सबसे गर्म दिन रहा रविवार

**प्रयागराज।** अधिकतम तापमान की वजह से दो दिन सूबे में दूसरे नंबर पर रही संगमनगरी रविवार को 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ तपिश में टाप कर गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सबसे गर्म दिन होने की वजह से तपिश ने यहां नौ साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वर्ष 2.17 में 2. अप्रैल को अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

**गोंडा।** थानाक्षेत्र की एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस दी तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री नवाबगंज के परसापुर स्थित इम्पल्स इंटर नेशनल स्कूल में कक्षा 11 में पड़ती है। उसी स्कूल में आरोपी भी पहले उसी में पड़ता था दिनांक 16 अप्रेल समय 15रू.. बजे दिन को जब उसकी पुत्री स्कूल से घर वापस आ रही थी तो रास्ते में आरोपी ने छेड़छाड़ की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल उसकी पुत्री के बैग में डाल दिया।

### जयंती पर एकजुटता का संदेश दिया

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज कस्बे के बढ़ई पुरवा मोहल्ले में सपा की पीडीए समाज की बैठक आयोजित की गई। शुरुआत भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सपा के जिला सचिव राजेश कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर तन-मन से लोगों को जागरूक करें।

# हर्षोल्लास से मना परशुराम जन्मोत्सव



**प्रयागराज।** भगवान परशुराम जी के पावन जन्मोत्सव पर प्रयागराज में बड़ी धूमधाम से उनका जन्मदिन मनाया गया इस शुभ अवसर पर प्रयागराज के गणमान्य व्यक्तियों ने इस आयोजन में भाग लेकर उत्साह पूर्वक सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा की इस पावन दिन पर हम सभी को उनके आदर्शों-धर्म की रक्षा, सत्य के मार्ग पर चलने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने -का अनुसरण करने का संकल्प लेना चाहिए।

# बीकेटी के पीड़ितों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा बीकेटी में हुई घटना को लेकर जिला समा. जवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल पीड़ित परिवार के यहां पहुंचा।

सरकार की लचर कानून व्यवस्था के कारण ग्राम व पो. जमखनवा, इटौंजा, विधानसभा क्षेत्र बीकेटी, लखनऊ में बालक उर्फ धर्मेन्द्र कुमार लोधी पुत्र स्व. गया प्रसाद लोधी सुमित लोधी पुत्र महेश प्रसाद लोधी, पार्वती लोधी पत्नी महेश लोधी तथा लासादीन लोधी पुत्र स्व. सकटू लोधी को गांव के ही दबंग लोगों ने अपने लगभग 15 से 2. साथियों के साथ मिलकर उक्त सभी को बुरी तरह



से मारा-पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं, उक्त घटना में जो प्रति. निधिमण्डल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा उसने परिवार को कानूनी कार्यवाही कर उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया और साथ में गये प्रतिनिधिमण्डल ने परिवार की आर्थिक मदद की। प्रतिनिधिमण्डल में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', सांसद आर के चौधरी, विधायक राहुल लोधी, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत विजय बहादुर यादव, प्रदेश सचिव दिनेश सिंह, यशवीर लोधी, विशेष आमंत्रित सदस्य रंजीत यादव, विजय सिंह यादव, चेयरमेन गनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, बीकेटी विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार रावत, मोहनलालगंज विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष गुड्डू लोधी, रामनरेश पाल, जिलाध्यक्ष छात्रसभा ओम कुमार लोधी, प्रवेश यादव, ज्ञान प्रकाश लोधी, जगदीश यादव, अमर सिंह लोधी, प्रदीप यादव, दीपक यादव महाकाल, सदस्य जिला पंचायत अरूण रावत, अवधेश यादव,, शिवकुमार रावत , प्रीति तिवारी, लवकुश सिंह प्रधान, केशव रावत प्रधान, राकेश लोधी वअमित लोधी मौजूद रहे।

# अभाविप ने मांगों के समर्थन में सौपा ज्ञापन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई द्वारा सोमवार को विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल. पति महोदय को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने स्नातक पाठ्क्रमों में बढ़ाई गई शुल्क वृद्धि सहित अन्य बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। जिसमें मुख्य रूप से स्नातक (यूजी) प्रवेश परीक्षा शुल्क एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर शुल्क में की गई वृद्धि को वापस लेने। विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पानी की गुणवत्ता की



जांच कराकर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने। साइबर लाइब्रेरी में लंबे समय से खराब पड़े एसी को शीघ्र ठीक कराने तथा साइबर लाइब्रेरी में इंटरनेट व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने की मांग की गई।बढ़ी हुई फीस एवं बुनियादी सुविधाओं की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभाविप लखनऊ महानगर की महानगर मंत्री सरिता पाण्डेय ने कहा छात्रों के लिए स्वच्छ पानी, अध्ययन के लिए उचित वातावरण और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधायें अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं अभाविप लखनऊ विश्व. विद्यालय इकाई के अध्यक्ष जय श्रीवास्तव ने कहा श्अभाविप सदैव छात्र हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस मौके पर लखनऊ के विभाग संगठन मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई, राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त संयोजक हर्षिका सिंह, लखनऊ उत्तर जिले के जिला संयोजक अभिषेक सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के उपाध्यक्ष वर्तिका कुशवाहा, आर्यन शर्मा, कौस्तुभ, इकाई मंत्री आर्यन कुशवाहा , सह मंत्री आशुतोष त्रिपाठी , कला मंच संयोजक तनु यादव, अक्षय द्विवेदी, उत्कर्ष, उत्सव पटेल, हर्षित, सिद्धार्थ, अवधेंद्र तिवारी , राहुल राजपूत हर्षित शुक्ला , उत्कर्ष सिंह, अभिषेक उपाध्याय मौजूद रहे।

# पेंशनरों का धरना-प्रदर्शन आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के आवाहन पर पूरे देश भर मे तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ.प्र के आवाहन पर पूरे प्रदेश भर के समस्त जनपदों मे अपनी लम्बित जायज मांगों के समाधान पर बल देने के लिए पेंशनर्स धरना-प्रदर्शन, आम सभा कर मांगों का ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को सौंपेंगे।

लखनऊ मे यह कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे से 6 बजे तक स्थानीय सरोजिनी नायडू पार्क स्थित बी.एन.सिंह प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया है। जिलाध्यक्ष अंगद सिंह व मंत्री आर.सी.उपाध्याय ने लखनऊ के पेंशनर्स से बड़ी संख्या मे भाग लेने



की अपील किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एल.कुशवाहा व महामंत्री ओ.पी.त्रिपाठी ने कहा कि सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के विचारणीय विषय मे पुराने पेंशनर्स को शामिल करने, कोरा. ना काल का 18 माह के फीज्ड डीए/डीआर का भुगतान और रेल किराया मे वरिष्ठ नागरिकों को छूट बहाल करने, राशिकरण कटौती 1. साल पर बंद करने, पेंशन को आयकर से मुक्त रखने, कर्मचारी शिक्षक पेंशनर्स के वर्तमान जीवन पद्धति पर मूल्य सूचकांक बनाने का निर्णय लागू करने आदि मांगों पर बारम्बार ध्यानाकर्षण कराने के बावजूद सरकार ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया है इससे प्रदेश/ देश भर के लाखों करोड़ो पेंशनर्स मे असंतोष व्याप्त है। प्रतिनिधियों ने बताया कि इसी कड़ी मे पूरे प्रदेश भर से एक लाख सामूहिक हस्ताक्षर युक्त याचिका शीघ्र प्रधानमंत्री को सौंपी जायेगी जिसका अभियान जोरों पर चल रहा है इस पर भी गौर नहीं किया तो आने वाले दिनों मे आंदोलन तेज करना बाध्यता बनेगी।

# लखनऊ पहुंचे रमेश पोखरियाल

**लखनऊ।** भाजपा नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंख अपने निजी कार्यक्रम के तहत एक शादी समारोह और कुछ खास लोगों से मुलाकात करने के लिए उत्तराखंड से यूपी की राजधानी लखनऊ आए।

रविवार को डा. महेन्द्र सिंह की बेटी की शादी समारोह में शामिल हुए। फिर सोमवार सुबह कुर्मांचल नगर में विक्रम बाफिला व समता बाफिला के आवास पर मुलाकात करने गए। बेहद सादगी के साथ पहुंचे श्री पोखरियाल की भनक लगते ही उनके चाहने वालों व पर्वतीय समाज का जमावड़ा जुटना शुरू हो गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक दोपहर में वहीं कुर्मांचल नगर स्थित त्रिभुवन जोशी के पिता जी का तीन दिन



पूर्व निधन हो गया था जिसकी जानकारी मिलने पर पोखरियाल गाड़ी पर न बैठ पैदल ही सड़क पर उनके घर चल दिये। पीछे पीछे सुरक्षाकर्मी भी दौड़ने लगे। जहां पहुंच कर उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति प्रगट की और दु:ख जताया। मौके पर उनके साथ भाजपा नेता नवीन चौधरी और मनीष उपाध्याय मौजूद रहे। दस मिनट रुकने के बाद वह गाड़ी में बैठे और फिर उनका काफिला देखते देखते आंखों से ओझल हो गया।

# महापौर-नगरायुक्त से मिले व्यापारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिन जल कनेक्शन व्यापार उद्योग जगत को भेजे जा रहे लाखों के बिल को निरस्त करते हुए । उत्पीड़न रोका जाए।

विभागीय भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए की मुख्य मांग के साथ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार संदीप बंसल के नेतृत्व में लखनऊ के प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक नगर निगम कार्यालय में लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ संपन्न हुई। संदीप बंसल ने महापौर और नगर आयुक्त को देश के विभिन्न राज्यों



के जल बिल के संबंध में तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि सभी राज्यों में खपत के आधार पर पानी का बिल लिया जाता है, जिससे वहां पर पानी के बिल को लेकर कोई समस्या नहीं है। चाहे उद्यमी व्यापारी हो या आम व्यक्ति जितना पानी इस्तेमाल करते हैं, उतने का भुगतान करते हैं हमारे उत्तर प्रदेश में जो प्रक्रिया है वो जटिल है इस कारण से बिना कनेक्शन के ही लाखों रुपये के बिल लोगों लोगों को प्राप्त हो रहे हैं जिसका भुगतान करना उनके लिए संभव नहीं है। इसलिए इन बिलों के भुगतान के लिए आम जनमानस एवं व्यापारी उद्यमी पर दबाव कतई न बनाया जाए। यही मांग उन्होंने नगर आयुक्त और महापौर से की। बैठक में उपस्थित रहने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, महामंत्री अनुज गौतम, उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, एवं लालबाग परिक्षेत्र के प्रभारी अश्वन अरोड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# क्रेटान खनिज संभावनाओं पर किया गहन चिंतन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा बुंद. ेलखंड क्रेटान की खनिज संभावनाओं पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एवं जीएसटी के महानिदेशक असित साहा वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर जोयेश बागची, राजिन्द्र कुमार सहित विभिन्न हितधारकों, नीति-निर्माताओं, आईआईटी /विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और देशभर



के शिक्षाविदों ने भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। यह कार्यशाला बुंदेलखंड क्रेटान की खनिज संभावनाओं पर विचार-विमर्श, अनुभवों के आदान-प्रदान और गहन चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। इसमें भारत की भविष्य की संसाधन सुरक्षा के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने क्रेटान के टेक्टोनिक विकास, भू-वैज्ञानिक ढांचे और धात्विक संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। अपने संबोधन में असित साहा ने बुंदेलखंड क्रेटान को महत्वपूर्ण खनिजों की खोज के लिए एक प्रमुख क्षेत्र बताया और इसकी अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। जोयेश बागची ने अपने संबोधन में कहा कि बुंदेलखंड क्रेटान एक ओर चुनौतीपूर्ण है, वहीं दूसरी ओर अत्यंत संभावनाशील क्षेत्र भी है। उन्होंने इसे भू-वैज्ञानिक दृष्टि से जटिल, लेकिन महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ मृदा तत्व खनिजों के लिए समृद्ध क्षेत्र बताया। राजिन्द्र कुमार ने बताया कि अब तक 32 भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट, 19 भू-वैज्ञानिक ज्ञापन और 5 एक्सप्लोरेशन लाइसेंस ब्लाक्स नीलामी के लिए सौंपे जा चुके हैं।

### तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**प्रयागराज।** सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के सदर तहसील स्थित पत्रिका चौराहा के पास रविवार को देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब, नारायणा रेस्टोरेंट की तीन मंजिला इमारत में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही देर में पूरी बिल्डिंग धुएं और लपटों से घिर गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा के रहने वाले दिनेश चंद्र गुप्ता का पत्रिका चौराहा के पास स्थित एक इमारत में पहले और दूसरी मंजिल पर नारायणा नाम से रेस्टोरेंट है। जबकि भूतल पर वाइन शाप है। रविवार रात करीब दो बजे दो मंजिला इमारत से अचानक धुआं निकालने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें बाहर आने लगी। रेस्टोरेंट के सामने स्थित कजारिया टाइल्स शोरूम के गार्ड ने इमारत को जलता देख शोर मचा दिया। आसपास के लोग एकत्र हो गए। मामले की सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी राजेश कुमार तीन दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग में रेस्टोरेंट के अंदर रखी कुर्सियां, टेबल, फ्जि, प्लास्टिक सामग्री समेत अन्य उपकरण जलकर पूरी तरह राख हो गए। इस आग में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

## किठौर में सुरक्षा से खिलवाड़!

# आबादी के बीच गैस गोदाम के बाद अब पेट्रोल पंप का निर्माण

- बड़े हादसे की आहट, प्रशासन मौन
- किसान की जमीन पर कब्जे के आरोपों के बीच हजारों लोगों की जान जोखिम में
- नगर पंचायत और प्रशासन की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल


आबादी के बीच स्थित गैस गोदाम।


गैस गोदाम के बराबर में जारी पेट्रोल पम्प का निर्माण कार्य।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि जनसुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा कर दी है। यहां एक ओर किसान की कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे का आरोप है, तो दूसरी ओर उसी स्थान के समीप पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य जारी है वह भी उस जगह के बिल्कुल पास, जहां पहले से ही आबादी के बीच गैस गोदाम संचालित हो रहा है। यह पूरा घटनाक्रम किसी बड़े खतरे की ओर इशारा करता नजर आ रहा है। स्थानीय निवासी सलमान पुत्र आरिफ ने आरोप लगाया है कि उनकी कृषि भूमि को पहले सुनियोजित तरीके से पार्किंग के लिए किराए पर लिया गया, लेकिन बाद में उस पर चारदीवारी कर स्थायी कब्जा कर लिया गया। इतना ही नहीं, आरोप है कि अब न तो जमीन खाली की जा रही है और न ही किराया दिया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि यह सब एक सोची-समझी साजिश के तहत हुआ है।

### न्याय की राह में बाधाएं, सिस्टम पर सवाल

पीड़ित परिवार के अनुसार, वर्ष 2024 में इस मामले को लेकर एसडीएम न्यायालय में वाद दायर किया गया था, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी न्याय नहीं मिल सका। आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से खाता संख्या 00228, खसरा संख्या 1046 की भूमि पर अवैध कब्जा कराया गया। इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि भूमि पैमाइश से संबंधित तहरीर के गायब होने और बाद में जमीन को 'आबादी' घोषित कर मामला सिविल कोर्ट में स्थानांतरित करने जैसे घटनाक्रम सामने आए हैं, जो पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करते हैं।

### बारूद के ढेर पर बैठा कस्बा

मामले का सबसे चिंताजनक पहलू सुरक्षा से जुड़ा है। जिस स्थान पर यह विवादित निर्माण कार्य चल रहा है, उसके बिल्कुल पास पहले से ही गैस गोदाम मौजूद है वह भी घनी आबादी के बीच। अब उसी के समीप पेट्रोल पंप का निर्माण किया जा रहा है। ज्वलनशील पदार्थों के दो बड़े स्रोतों का इतने करीब होना किसी भी समय बड़े हादसे को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोग खुद को 'बारूद के ढेर पर बैठा' महसूस कर रहे हैं और भय के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठते सवाल

इतने गंभीर और संवेदनशील मामले के बावजूद नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन की चुप्पी लोगों को खटक रही है। न अवैध कब्जा हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है, न ही सुरक्षा मानकों की जांच होती नजर आ रही है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किन कारणों से जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले से आंखें मूंदे हुए हैं? क्या किसी दबाव में कार्रवाई रोकी जा रही है, या फिर लापरवाही ही इस चुप्पी की वजह है?

### टाइम बम बनता किठौर, कब जागेगा प्रशासन?

किठौर का यह मामला अब महज जमीन विवाद नहीं रहा, बल्कि यह सीधे तौर पर हजारों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बन चुका है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थिति किसी बड़े हादसे में तब्दील हो सकती है और उस वक्त जिम्मेदारी तय करना मुश्किल नहीं होगा।

### पीड़ित की मुख्यमंत्री से गुहार

पीड़ित परिवार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग करते हुए जमीन को कब्जामुक्त कराने, बकाया किराया दिलाने और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर चेतावनी को कब तक नजरअंदाज करता है, या फिर समय रहते कोई ठोस कदम उठाकर संभावित खतरे को टालने का प्रयास करता है।

## अपना दल (एस) मेरठ परिक्षेत्र में पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) के मेरठ परिक्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों की पहली सूची जारी कर दी गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार के प्रस्ताव पर प्रदेश अध्यक्ष आर.पी. गौतम की संस्तुति एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की स्वीकृति के बाद सूची घोषित हुई। राष्ट्रीय सचिव मुन्नर प्रजापति द्वारा जारी पत्र के अनुसार गुलवीर प्रधान, रवि चौधरी और सत्य प्रकाश पांडे को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। अशोक कुमार, गौरव शर्मा, नीरज भारद्वाज और बलीचंद पाल को महासचिव, जबकि दिनेश भाटी, देवेंद्र मिश्रा, सतपाल शर्मा और राजवर्धन वर्मा को सचिव नियुक्त किया गया है। पवन वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा संजय त्यागी, धनंजय सिंह व रिंकू जाटव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सुधीर पंवार ने बताया कि सभी छह जनपदों को प्रतिनिधित्व दिया गया है और जल्द ही दूसरी सूची जारी की जाएगी।

# घर में घुसकर मां-बेटी से मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के तारापुरी में मामूली विवाद को लेकर दबंग युवक ने घर में घुसकर किशोरी व महिला के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई, भीड़ को देख हमलावर मौके से फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस में मामले की जानकारी की पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। नसीम पत्नी इरशाद ने बताया पास का रहने वाला शहजाद काफी दिनों से परेशान कर रहा था। कभी घर में पत्थर फेंकता तो कभी थूकता रहता, महिला के विरोध करने पर युवक महिला से मारपीट पर उतरे हो जाता, रविवार को तंबाकू की गठिया का बहाना बनाकर घर में घुस गया, और नाबालिक बेटी इलमा से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा, महिला के विरोध करने पर हमलावर शहजाद ने महिला के साथ भी मारपीट कर दी चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, भीड़ को देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया पीड़ित ने 112 डायल नंबर कंट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी की पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ नामजाद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना लिसाड़ी गेट पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है कानूनी कार्यवाही कर जल्द ही दबंगों गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## लावड़ में बाबा साहेब की प्रतिमा लगने वाले स्थान को तोड़े जाने का मामला

# नगर पंचायत लावड़ के अधिशासी अधिकारी पर कस्बे का माहौल खराब करने का आरोप

- एडीएम प्रशासन से मिले दलित समाज के लोग, चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी रहे साथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क में जिस जगह पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जानी थी उस स्थान को बिना किसी आदेश के अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा तुड़वा दिया जिसके बाद दलित समाज के काफी संख्या में लोग नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे थे और जमकर हंगामा किया था। चेयरपर्सन व सभासद राजेश देवी ने किसी तरह समझाकर उन्हें शांत किया था। अब यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

सोमवार को काफी संख्या में दलित समाज के लोगों ने चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी के साथ एडीएम प्रशासन से मुलाकात की और ज्ञापन देते हुए अधिशासी अधिकारी पर बिना किसी सरकारी आदेश के बाबा साहब की मूर्ति लगने वाले स्थान को तुड़वाने व कस्बे का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की, जिस पर एडीएम प्रशासन ने एसडीएम सरधना को जांच के आदेश दिए। वहीं दलित समाज के लोगों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार द्वारा दलित समाज की भावनाओं को आहत किया गया है। कहा कि अगर जल्द ही अधिशासी अधिकारी पर कार्यवाही नहीं की गई तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार द्वारा बाबा साहब का भी अपमान किया गया है। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि चुनाव के समय पर बहुत सारे जनप्रतिनिधि और बहुत सारे नेता दलित हितैषी होने की बात करते हैं लेकिन इस प्रकरण में अभी तक किसी भी नेता या पार्टी ने अपना मुंह तक नहीं खोला जबकि हमारे समाज की वोट लेने के समय वह दलित हितैषी होने का नाटक करते हैं। हर बार बाबा साहब का अपमान किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया कार्य बेहद निंदनीय है।

## शिव परिवार की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ पोडी मार्ग पर स्थित ग्राम समसपुर के मुख्य मार्ग पर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती परिवार सहित मूर्ति की स्थापना की गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर पंडित शास्त्री सुधांशु के द्वारा हवन पूजन किया गया। भोलेनाथ के परिवार के परिवार को पंचा अमृत से नहलाया गया। प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान सोनू व पत्नी प्रीति तथा मोनू भूईयार पत्नी अनीता सहित रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद शिव परिवार की मूर्ति को पूरे गांव में परिक्रमा कराई गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने शिव के परिवार पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, और गांव की सुख शांति एवं परिवार की लंबी आयु के लिए हवन पूजन एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर वीरसिंह, धर्मेंद्र, अमित, निर्मला, कामिन्दर राणा, योगेंद्र मास्टर, अनिल शर्मा, ज्योति शर्मा, मनीष, रोहित, गोविंद शर्मा, प्रिंस कुमार, प्रदीप कुमार आदि श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी।

## फर्जी मुकदमों की धमकी देकर वसूली करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना पुलिस ने फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर धन उगाही करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने क्षेत्र के गांव गोविंदपुर शंकरपुर निवासी हरेंद्र पुत्र मान सिंह को बहरोड़ा मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी हरेंद्र अपने दो बेटों अंशुल और अक्षय के साथ मिलकर लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर अवैध वसूली करता था। पीड़ित संजय आधना द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने साजिश के तहत निर्दोष लोगों के खिलाफ फर्जी प्रार्थना पत्र देकर उनसे धन उगाही की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरेंद्र पहले से ही थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# सरूरपुर में गौकशी का प्रयास नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने गौकशी के प्रयास को विफल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक जिंदा गाय और गौकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार 19/20 अप्रैल की रात क्षेत्राधिकारी सरधना के निर्देशन में सरूरपुर थाना पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान ग्राम जसड़ सुल्ताननगर में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां से दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शहजाद पुत्र साजिद और आसिफ पुत्र जर्रार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक जिंदा गाय, दो छुरी, एक बांका, एक सूजा और एक रस्सी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार ये सभी सामान गौकशी में प्रयुक्त किए जाते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन के समय आवारा गायों को पकड़कर बांध लेते थे और रात के समय उन्हें जंगल में ले जाकर गौकशी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने इस खुलासे के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट, घर से बाहर निकला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में दहेज की डिमांड पूरी न होने पर पत्नी के साथ मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया। घायल महिला को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर गड्ढे वाली मस्जिद रहने वाले मुन्ना ने की शादी सात साल पहले यासमीन पुत्री अशरफ निवासी हापुड़ के साथ हुई थी। पीड़ित महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि देहज की डिमांड पूरी न होने पर मारपीट करते हैं। रविवार को यासमीन से पति व ससुराल के लोग कार और नगदी की लाने की बात कहने लगे महिला ने इसका विरोध किया पीड़ित महिला के साथ नंद बेबी, पति मुन्ना व भांजा सलमान और जेठ आसिफ ने मारपीट शुरू कर दी जिसमें महिला घायल हो गई।

पीड़ित महिला ने घटना की जानकारी अपने परिवार को दी। पीड़ित महिला ने बताया कि मेरी शादी को सात साल हो गए और तभी से यह लोग मुझे परेशान व मारपीट करते हैं आ रहे हैं महिला के दो बच्चे हैं एक बेटा चार साल जियान और एक बेटी माहिरा दो साल की है। महिला के मायके वाले थाने लेकर पहुंचे और पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित महिला यासमीन ने पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## शरद जैन पर रंगदारी का मुकदमा, पुलिस को मिले पुख्ता सबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ एकेडमी के सचिव डॉ. संजय जैन से रंगदारी मांगने के मामले में थाना सदर बाजार पुलिस ने शरद जैन और प्रेमशंकर प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत मिले हैं, जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। डा. संजय जैन ने बताया कि शरद जैन पहले से ही पुराने मुकदमों में नामजद है और लगातार उन पर दबाव बनाकर समझौते के लिए मजबूर करता रहा। आरोप है कि शरद जैन ने प्रेमशंकर के साथ मिलकर साजिश रची और झूठी खबरें छापकर एकेडमी की छवि खराब की। साथ ही जान-माल की धमकी देकर अवैध धन की मांग की गई। शिकायत के मुताबिक 12 जनवरी 2026 को फोनपे के माध्यम से 5 हजार रुपये जबरन वसूले गए और उससे अधिक रकम की मांग की गई। पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। कई लोगों के खिलाफ पहले से मुकदमे दर्ज हैं, ऐसे में जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री परशुराम जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** सरला देवी विद्या पीठ बक्सर में सनातन प्रेमी सेवा समीति के तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर महायज्ञ का आयोजन किया गया, यज्ञ के आचार्य पंडित अतुल राम शास्त्री जी रहे। इसके मुख्य यजमान नवीन-सविता राजपूत ,प्रधुमन शर्मा -कविता शर्मा रहे। इस अवसर पर अनेकों प्रतिभाओं व सहयोगियों का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य रूप से नवीन राजपूत ,सविता राजपूत, प्रधुमन शर्मा, कविता शर्मा , डॉक्टर अनीता शर्मा , डॉक्टर हर्षदीप शर्मा, मुकेश शर्मा, अनीता चौधरी, जयभगवान शर्मा, अनुज नागर, सुधा देवी, महेश कश्यप, रघुवंश शर्मा, विपुल सैनी, रवींद्र शर्मा अशोक शर्मा, देवेंद्र उपाध्य,जसबीर राठी, अतुल शर्मा, प्रेम कुमार शर्मा ,दीपक वर्मा, महेश शर्मा, संजोग शर्मा, देवेंद्र कौशिक, उमेश शर्मा, सतीश रस्तोगी, देबू, नंद किशोर सैनी, विवेक भारद्वाज, शिखा शर्मा उमानंद शर्मा, पंकज शर्मा, बृजमोहन कौशिक, अनुपम सिंह, सतपाल शर्मा रहें। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस महायज्ञ में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम के संयोजक राजीव शर्मा, संयोजक विनोद गौड़ दीपक वर्मा संजीव शर्मा करुणेश गौड़ सिद्धार्थ शर्मा कार्तिकेय रूद्र, उज्जवल कौशिक ओमपाल प्रजापति, स्वतंत्र देव मास्टर, मुकेश देववृत, संगीता शर्मा गुंजन गौड़, गार्गी शर्मा, विमला जाटव, दिनेश चौधरी, मोनू कुनकुरा, आमोद भारद्वाज, सुरेश पाल चौधरी, सहित भारी संख्या में भक्तों ने आहुति दी व प्रसाद ग्रहण किया।

## बागपत रोड स्थित कुराली बस स्टैंड पर बस में लगी भयंकर आग

### ड्राइवर की सूझबूझ से बची यात्रियों की जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोमवार की शाम को बागपत रोड स्थित कुराली बस अड्डे पर एक प्राइवेट बस सवारी लेकर आ रही थी तभी अचानक सीएनजी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। बस ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस सड़क के किनारे लगा दी। बस में बेठी यात्रियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। उसके बाद आग ने भयंयर रूप धारण कर लिया। बस में लगी आग के बाद करीब एक किलोमीटर दूर तक जाम लग गया। देर से पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग काबू पाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि ड्राईवर की सूझबूझ की वजह से यात्रियों की जान बच गई।

# वर्कशाप में आग से झुलसे दूसरे किशोर की भी दम तोड़ा, दो की हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बेसमेंट में चल रहे कार वर्कशाप में आग लगने से झुलसे दूसरे किशोर की भी सोमवार को मौत हो गयी। जबकि दो अन्य लोगों की हालत गम्भीर बनी हुई है। किशोर की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



कस्बे के बरखन रोड पर शमशान भूमि के पीछे स्थित माहावीर के मकान के बेसमेंट में उनका बेटा एस के कारों का वर्कशाप चलाता है। शनिवार शाम वर्कशाप में कार से उतारकर रखे गए एलपीजी टैंक सिलेंडर में अचानक आग लग गयी। जिससे महावीर और कार वर्कशाप में काम करने वाला अजीत, साहिल के साथ ही फरमान, रजा हुसैन व अर्सिल 14 वर्ष पुत्र मोहम्मद नासिर झुलस गए थे। आनन फानन में लोगों ने आग से झुलसे लोगों को उपचार के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां रविवार को उपचार के दौरान अजीत की मौत हो गयी थी। सोमवार को अर्सिल की भी उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। उसकी मां रेहाना, बहन, अक्सा, उजमा और अलीशा का रो-रो कर बुरा हाल है। जबकि अस्पताल में भर्ती दो अन्य लोगों की हालत अभी भी गम्भीर बनी हुई है। मृतक अर्सिल अपने माँ बाप का इकलौता पुत्र था। परिवार के सभी लोग उसे बहुत चाहते थे। उसकी मौत के बाद परिजनों रो-रो कर बेहाल हैं।

दूसरी ओर स्थल पर जहां पुलिस बल तैनात किया गया है, वहीं अभी तक पुलिस ने इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की है।

# शादी से पहले घर में भीषण आग

■ लाखों का सामान राख , खुशियां मातम में बदलीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव वसई में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे ईश्वरी प्रसाद के घर में अचानक आग लग गई, जिससे शादी का माहौल मातम में बदल गया। बताया गया कि आग की चिंगारी उठते ही पड़ोसी ने ईश्वरी प्रसाद को फोन कर सूचना दी। उस समय परिवार के सभी सदस्य रिश्तेदारी में आयोजित शादी की तैयारियों में व्यस्त थे और घर पर कोई मौजूद नहीं था।

ईश्वरी प्रसाद के भाई की नातिन शिवानी पुत्री रूपचंद की शादी थी और उसी दिन बारात आनी थी। आग की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य, ग्रामीण और मेहमान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक



आग विकराल रूप ले चुकी थी। ग्रामीणों ने तालाब से बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में भट्टे से पानी का टैंकर मंगाकर किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।आग में घर में बंधे दो पशु भी झुलस गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। ईश्वरी प्रसाद ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी सावित्री देवी, बेटा संतोष कुमार, बहू मुन्नी देवी व बच्चे सूर्यवंश और सलोनी, जबकि दूसरे बेटे श्रीपाल, बहू किरण व उनका बेटा हर्ष सभी एक ही घर में रहते हैं।

उन्होंने बताया कि दो माह बाद नए मकान के निर्माण की तैयारी चल रही थी, जिसके लिए लकड़ी की चौखटें बनवाकर रखी थीं, जो आग में जल गईं। इसके अलावा करीब 70 हजार रुपये कीमत की भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। घर में रखा अनाजख्रकरीब पांच कुंतल धान, दस कुंतल गेहूं, नकद छह हजार रुपये, कपड़े, बर्तन, पशुओं का चारा व भूसा समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।आग की इस घटना से शादी की खुशियां गम में बदल गईं। परिवार सदमे में है और महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। बारात में पहनने के लिए खरीदे गए नए कपड़े भी आग की भेंट चढ़ गए।

## एक नजर

### मालगाड़ी से कटकर महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शिनाख्त के बाद सोमवार शाम गमगीन माहौल में दफन

**मीरगंज।** नगरिया सादात स्थित रेलवे फाटक, मौर्य नगर के पास खंभा संख्या 1340/22-23 के बीच डाउन लाइन पर रविवार शाम करीब 5:17 बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का बायां पैर कट गया और चेहरा भी बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया।

घटना के बाद रेलवे ट्रैक पर अफरा-तफरी मच गई और डाउन लाइन पर आ रही जनसाधारण एक्सप्रेस को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। सूचना पर पहुंची आरपीएफ टीम ने शव को ट्रैक से हटवाकर लाइन को सुचारु कराया, जिसके बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया।मौके पर आरपीएफ के उपेंद्र सिंह डावड़ व कमल कुमार तथा थाना पुलिस के इंस्पेक्टर अपराध संजय तोमर, मनीष कुमार, राजवीर, मोहम्मद उमर व रेनू रानी ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की।बाद में महिला की शिनाख्त नन्ही बेगम पत्नी बाबू खां, निवासी गांव चुरई दलपतपुर मीरगंज के रूप में हुई। बताया गया है कि उनके चार पुत्र हैं, जिनमें परवेज, बब्लू व जावेद विवाहित हैं, जबकि साबिर अविवाहित है। परिजनों के अनुसार उनका इलाज बरेली के मान. सिक अस्पताल से चल रहा था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम के समय महिला का गमगीन माहौल में दफन कर दिया गया।

### डिग्री कॉलेज में नारी वंदन अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

नुक्कड़ नाटक व सैंड आर्ट से दिया सशक्तिकरण का संदेश

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में नारी वंदन अधिनियम 2023 के अंतर्गत महिलाओं में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश दिया और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की अपील की।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सैंड आर्ट रेत कला भी प्रस्तुत की। सैंड आर्ट के माध्यम से महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इसके साथ ही छात्राओं ने नगर में पदयात्रा निकालकर जागरूकता अभियान चलाया।कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस मौके पर विजय बहादुर बिष्ट, वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में गर्भवती महिला पर हमला, सास भी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव हुरहुरी में रविवार को पुरानी रंजिश के चलते गर्भवती महिला पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है।आरोप है कि निशरत बेगम पत्नी अबरार हुसैन अपनी सास अमीरन के साथ घर में बैठी थीं, तभी कुछ लोग घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने गर्भवती महिला के पेट पर लात-घूंसे मारकर जान से मारने की कोशिश की।

बचाव करने पहुंची सास अमीरन पर भी धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने दोनों को किसी तरह बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर इज्जत अली, शायरा और शावना निवासी हुरहुरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 24 अनुपस्थितों को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जनगणना निदेशालय, भारत सरकार एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार से स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज में जनगणना पर्यवेक्षकों और प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ।

पहले बैच में नगर पंचायत मीरगंज, शीशगढ़ व ग्रामीण क्षेत्रों के 299 प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिनमें 275 उपस्थित रहे, जबकि 24 अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित प्रगणकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार व चार्ज अधिकारी आशीष कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी प्रियंका सिंह (नगर पंचायत मीरगंज), दुर्गेश सिंह (नगर पंचायत शीशगढ़), खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश सहित मास्टर ट्रेनर, 14 फील्ड ट्रेनर, लेखपाल/सुपरवाइजर अनिल, आदित्य, पुष्पेंद्र व ऑपरेटर संदीप मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी व उप जिला चार्ज अधिकारी आलोक कुमार के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जनगणना की कार्यप्रणाली एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# बंद घर में हुई चोरी, नकदी व जेवर चुरा ले गए चोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के मोहल्ला भिटौरा में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े घर को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।चोर जेवरात सहित नकदी चुरा ले गए।

मिली जानकारी के अनुसार निवासी मोहल्ला भिटौरा ट्यूबवेल के पास नवनीत गंगवार अपने गाँव अमोर में चाचा की शादी के मंडप में शामिल होने गए हुए थे। सोमवार को बारात जानी थी, इसी दौरान उनका घर बंद पड़ा था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया।सोमवार सुबह जब वह घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाने पर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखी 5 जोड़ी पायल, एक सोने का मंगलसूत्र, घर में लगी एक एलसीडी और 30,900 रुपये नगद चोरी हो चुके थे। घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल 112 नंबर पर दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चोरों की तलाश कर रही है।

# नगर पंचायत शीशगढ़ में 17 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य

■ बोर्ड की बैठक में सर्व समिति से हुए प्रस्ताव पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सोमबार को चेयरमैन नीलोफर की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह व सभासदों की मौजूदगी में नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे नगर पंचायत शीशगढ़ में सी सी रोड, नाला निर्माण, प्रकाश व्यवस्था,सफाई व्यवस्था आदि पर लगभग 17 करोड़ की लागत से होने बाले विकास कार्यों पर सर्व समिति से मोहर लगा दी गई है। जो कार्य जल्द ही शुरू करवा दिए जाएंगे।

बैठक में सबसे पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित सदस्यों अरविंद कुमार,त्रिमल सिंह राठौर व विनोद देवल का अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह,चेयरमैन नीलोफर द्वारा माला व साल उढ़ाकर स्वागत किया गया।जिसके बाद नगर पंचायत में होने बाले विकास कार्यों पर सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई। चेयरमैन नीलोफर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सबसे पहले 2025-26 का आय व्यय का अनुमानित बजट पेश किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने गहनता से समीक्षा की गई जिसमें कुल आय 18 करोड़ 56 लाख व व्यय 16 करोड़ 70 लाख तथा बचत 1 लाख 86 हजार दर्शाई गई। जिसे सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया। इसी के साथ अधिशासी अधिकारी द्वारा 2026-27 का अनुमानित बजट पटल पर रखा गया। जिसमें नगर पंचायत की अनुमानित आय लगभग 24 करोड़ 24 लाख तथा अनुमानित व्यय 24 करोड़ 23 लाख तथा बचत 1 लाख दर्शाई गई। जिसपर सभासद गढ़ों की समीक्षा किए जाने के बाद जिसपर सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया। इसी के साथ नगर पंचायत में होने बाले 13 विन्दुओं के विकास कार्यों जैसे नगर में लगे वाटर कूलरों की मरम्मत व सर्विस कराने का प्रस्ताव,नगर के समस्त नालों की वर्षा ऋतू से पहले सफाई कराने का प्रस्ताव,अंत्योष्टि स्थलों में फर्स की मरम्मत,रँगाई,पुताई आदि कार्य के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई। बन्दन योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण का कार्य कराने का प्रस्ताव,आकांछी योजना के अंतर्गत सी सी रोड, प्रकाश व्यवस्था व नाला निर्माण कार्यों को कराने का प्रस्ताव, मुख्य मंत्री वैश्विक नग्रोदय योजना के अंतर्गत विकास कार्यो पर,तालाब झील,पोखर संरक्षण योजना के अंतर्गत तालाबों का सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव,सीवरेज एवं जलनिक. ासी योजना,पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत सी सी रोड व नाला निर्माण आदि सहित लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से होने बाले विकास कार्यों पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर मुहर लगा दी गई।

उधर जल कर से जूझ रही नगर पंचायत की जनता को कर से निजाद दिलाने को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि नगर में जब तक जल की सप्लाई दी गई थी। नगर की जनता से तभी तक का जल कर बसूल किया जाएगा। बाकी जल कर को माफ किए जाने के प्रस्ताव पर सर्व सम्मति से मुहर लगा दी गई। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी जाहिद हुसैन गुड्डू, सभासद तंजील अहमद, अनीश अहमद,हाजी आबाद हुसैन, तिर्मल सिंह राठौर, अरविंद गंगवार, विनोद देवल, अजीजुल रहमान, इफ्त आरा, इकरार हुसैन, मुस्तफा अली आदि मौजूद रहे।

# मंडी में गेहूं खरीद में गड़बड़ी पर भड़के भाकियू भानू नेता

■ निरीक्षण में सामने आई ामियां, किसानों से 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त वसूली की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के युवा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अनुज चौधरी ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी में संचालित नौ गेहूं क्रय केंद्रों पर कई खामियां सामने आईं, जिससे संगठन के पदाधिकारियों में आक्रोश फैल गया।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि गेहूं अप्लाई कराने के नाम पर निर्धारित दर से करीब 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त वसूली की जा रही है। इस पर ठाकुर अनुज चौधरी ने सख्त नाराजगी जताते हुए सभी केंद्र प्रभारियों को मौके पर ही कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी भी किसान से ओवर रेट वसूला गया तो संबंधित केंद्र प्रभारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और गेहूं खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार ही संचालित होनी चाहिए। साथ ही निर्देश दिए कि किसानों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त धनराशि न ली जाए और सभी कार्य नियमों के अनुरूप किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान मंडी की अन्य व्यवस्थाओं में भी कमियां चिन्हित की गईं। भाकियू भानू के पदाधिकारियों ने केंद्र प्रभारियों से जवाब-तलब करते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद नोडल अधिकारी ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसानों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त वसूली पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

भाकियू भानू पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन किसानों के हितों को लेकर लगातार निगरानी करता रहेगा। यदि भविष्य में भी किसी प्रकार की लापरवाही या शोषण सामने आया तो आंदोलन किया जाएगा।

वहीं, मंडी में मौजूद किसानों ने संगठन के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इससे गेहूं खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और उन्हें राहत मिलेगी।

# प्रशासनिक कुर्सी पर बैठीं छात्राएं सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत बहेड़ी में एक अनोखा और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एशियन लॉ कॉलेज की छात्राओं ने एक दिन के लिए प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालते हुए अधिकारियों की भूमिका निभाई और फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। कार्यक्रम के दौरान छात्रा ज्योति राजपूत ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और कामिनी देवी ने तहसीलदार की कुर्सी संभाली। दोनों छात्राओं ने प्रतीकात्मक रूप से प्रशासनिक दायित्व निभाते हुए फरियादियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। छात्राओं का आत्मविश्वास और कार्यशैली देखकर वहां मौजूद लोग प्रभावित नजर आए। इस मौके पर एशियन लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएंख्रसैयद अफजल अली, पूजा, अमित, फरमान,



अथर, सैफ, अफसर और पुष्पा भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और सरकारी व्यवस्था की व्यावहा. रिक जानकारी हासिल की। कार्यक्रम की सफलता पर कॉलेज की फैकल्टी सदस्य अलवीरा मैम, मिसबाह मैम और प्रमोद सर ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को प्रशास. निक व्यवस्था की वास्तविक समझ देने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। वहीं, कॉलेज के चेयरमैन नंदकिशोर और एमडी अभिषेक ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें समाज व शासन से जोड़ने का बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे अनुभव छात्रों के भविष्य और करियर निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **रमेश तिवारी** और पुत्रवधू **शान्ती तिवारी** मेरे कहने- सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन- देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**बिन्दा देवी तिवारी पत्नी स्व0 शिवनन्दन तिवारी**

निवासिनी म0नं0 384/26ख, पुराना चबूतरा, सआदतगंज, लखनऊ।


# क्षेत्र पंचायत की बैठक में दो करोड़ के प्रस्ताव पारित

■ गैर हाजिर अधिकारियों के खिलाफ निन्दा प्रस्ताव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र पंचायत की सोमवार को हुई बैठक में जहां दो करोड़ रुपए के 120 प्रस्ताव पारित किए गए, वहीं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की इस बैठक से अनुपस्थित रहने वाले बीडीओ मनरेगा, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित कई अधिकारियों के खिलाफ निन्दा प्रस्ताव भी पारित किया गया।

ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार की अध्यक्षता में हुई क्षेत्र पंचायत की इस बैठक में बीडीसी सदस्य अर्जुन सिंह गंगवार ने पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित तोमर के खिलाफ अपने पशु के इलाज में लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह गंगवार ने गांव के एक व्यक्ति के शौचालय के लिए पिछले तीन साल से कार्यालय के चक्कर काटने का आरोप लगाया। इसके साथ ही कई सदस्यों ने राशन कार्ड को लेकर आ रही परेशानियों को सदन में उठाया, जिस पर जब पूर्ति अधिकारी को तलब किया गया तो वह नदारद रहे। जिस पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने नाराजगी जताई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहली बार शामिल हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालय के लिए तीन साल से दौड़ रहे एक बीडीसी सदस्य की शिकायत पर उन्होंने सख्त लहजे में खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य को डीएम को लिखकर देने को कहा। भाजपा जिला अध्यक्ष ने क्षेत्र के पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर विपिन तोमर के खिलाफ भी कार्यवाही किए जाने की हिदायत की।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी, कहा प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र में खोले गए अटल आवासीय विद्यालय में गरीब परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने बताया कि पिछले पांच सालों में उन्होंने जहां 30 करोड़ 70 लाख के विकास कार्य कराए गए हैं, वहीं आगे भी 120 कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, जिस पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य हाजी मुन्ने अंसारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ॰ अमित गंगवार, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य, पशुधन प्रसार अधिकारी मो0 सलीम खां के साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्य नीतीश उपाध्याय, धर्मेंद्र कुमार, प्रधान संघ के अध्यक्ष लाल बहादुर गंगवार, द्वारिका प्रसाद, मदन लाल, डॉक्टर गेंदन लाल, धर्मपाल, रामसिंह, गौहर, राजेश कुमार सहित अधिकांश ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार ने बैठक में शामिल होने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति टीम ने चार वर्षीय गुमशुदा बच्चे को खोजकर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुमशुदा 4 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर, मीरगंज से अंश पुत्र प्रेमकिशोर, निवासी ग्राम नथपुरा, अचानक लापता हो गया है। बच्चे का स्कूल में दो दिन पहले ही प्रवेश हुआ था।



सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय तोमर ने तत्काल एक टीम गठित कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। टीम में कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक पंकज कुमार, मिशन शक्ति टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक रेनू रानी, कांस्टेबल नितिन नागर, कांस्टेबल अभिषेक सोम, महिला कांस्टेबल उदिती तथा होमगार्ड भूरे सिंह यादव शामिल रहे। पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की, सीसीटीवी कैमरे खंगाले और लोगों से पूछताछ की। काफी प्रयासों के बाद दोपहर करीब 1 बजे टीम बच्चे के गांव की ओर पहुंची, जहां अंश एक पेड़ के नीचे अकेला बैठा मिला।

पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित उसके घर पहुंचाया और विधिक प्रक्रिया के तहत उसके पिता प्रेमकिशोर व परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।


**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

"उत्तरी, पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में **'फेज-1 यूनिफाइड रियल टाइम डायनेमिक स्टेट मेजरमेंट'** के अंतर्गत परिसंपत्तियों हेतु वर्ष 2019-24 के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के ट्रूइंग-अप तथा वर्ष 2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ निर्धारण के संबंध में याचिका"

1. उपरोक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी निम्नलिखित हैं: (1) टीएनपीडीसीएल, (2) केएसईबीएल, (3) गोवा विद्युत विभाग, (4) पुदुचेरी विद्युत विभाग, (5) एपीईडीसीएल, (6) एपीएसपीडीसीएल, (7) एपीसीपीडीसीएल, (8) टीएसएसपीडीसीएल, (9) टीएसएनपीडीसीएल, (10) बीईएसकॉम, (11) जीईएसकॉम, (12) एचईएसकॉम, (13) एमईएसकॉम, (14) सीईएससी, (15) एमपीपीएमसीएल, (16) एमएसईडीसीएल, (17) जीयूजेवीएनएल, (18) गोवा विद्युत विभाग, (19) डीएनएचडीडी पीडीसीएल, (20) सीएसपीडीसीएल, (21) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (22) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (23) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (24) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, (25) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (26) हरियाणा पावर परचेज सेंटर, (27) जम्मू एवं कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (28) पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (29) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, (30) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, (31) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, (32) उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (33) नॉर्थ सेंट्रल रेलवे, (34) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, (35) चंडीगढ़ विद्युत विभाग, (36) बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, (37) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, (38) ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ ओडिशा लिमिटेड, (39) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, (40) पावर विभाग, सिक्किम सरकार, (41) झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, (42) असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, (43) मेघालय एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (44) अरुणाचल प्रदेश सरकार, (45) पावर एवं विद्युत विभाग, (46) मणिपुर स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (47) नागालैंड पावर विभाग, (48) त्रिपुरा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड

2. टैरिफ विवरण:

क) 2019-24 अवधि (ब्लॉक) — रुपये लाखों में

| परिसंपत्ति संख्या | डोको | पूर्ण लागत 31.03.2024 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | त्रुटि सुधार के आधार पर संशोधित एएफसी | | | | |
| परिसंपत्ति- 1 | 28.09.2018 | 1388.39 | 347.96 | 390.58 | 848.63 | 561.37 | 643.43 |
| परिसंपत्ति- 2 | 30.06.2018 | 1957.30 | 621.55 | 678.44 | 847.85 | 970.83 | 1161.50 |
| परिसंपत्ति- 3 | 12.12.2018 | 1273.19 | 278.77 | 318.93 | 353.60 | 317.42 | 348.00 |
| परिसंपत्ति- 4 | 02.01.2019 | 168.12 | 41.55 | 48.92 | 55.28 | 49.94 | 51.78 |
| परिसंपत्ति- 5 | 01.01.2020 | 788.22 | 37.66 | 221.69 | 258.51 | 518.67 | 443.70 |
| परिसंपत्ति- 6 | 31.05.2019 | 2305.75 | 428.73 | 516.87 | 499.68 | 933.85 | 754.23 |
| परिसंपत्ति- 7 | 05.03.2021 | 2705.66 | - | 30.37 | 485.77 | 656.21 | 1087.12 |

ख) 2024-29 अवधि (ब्लॉक) — रुपये लाखों में

| परिसंपत्ति संख्या | पूर्ण लागत 31.03.2029 | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एएफसी | | | | |
| परिसंपत्ति- 1 | 1388.39 | 695.64 | 589.49 | 589.49 | 589.47 | 477.59 |
| परिसंपत्ति- 2 | 1957.30 | 824.07 | 824.07 | 824.07 | 824.04 | 613.18 |
| परिसंपत्ति- 3 | 1383.52 | 511.98 | 519.91 | 519.91 | 519.89 | 519.91 |
| परिसंपत्ति- 4 | 168.12 | 69.51 | 69.51 | 69.51 | 69.50 | 59.23 |
| परिसंपत्ति- 5 | 813.40 | 645.32 | 316.31 | 316.31 | 316.29 | 316.31 |
| परिसंपत्ति- 6 | 2305.75 | 861.00 | 861.00 | 861.00 | 860.96 | 801.85 |
| परिसंपत्ति- 7 | 2790.59 | 982.49 | 977.00 | 977.00 | 976.97 | 977.00 |

4. इस सूचना की एक प्रति और टैरिफ निर्धारण के लिए की गई आवेदन की प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर डाली गई है।
5. टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हो, तो कोई भी व्यक्ति, जिसमें लाभार्थी भी शामिल हैं, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सचिव के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। इसका पता है: 6th, 7th, & 8th, फ्लोर, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029 (या आयोग के कार्यालय का कोई अन्य पता), और इसकी एक प्रति आवेदक के कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजनी होगी।

स्थान : गुरुग्राम
तारीख : 15.04.2026

हस्ताक्षर -
जनरल मैनेजर (वाणिज्यिक)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली - 110 016
कॉर्पोरेट कार्यालय: सुदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम - 122 001 (हरियाणा)
एक महारत्न पीएसयू

# कार-बाइक की भीषण टक्कर में कार में लगी आग

## बहजोई रोड पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, कई घायल, आटा गांव के पास हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बहजोई रोड पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे में कार और बाइक की टक्कर के बाद कार में आग लग गई, जिससे दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। हादसा आटा गांव के पास पाल धर्मकाटा के सामने हुआ, जहां टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा भिड़ी और धू-धू कर जलने लगी।

जानकारी के अनुसार, बदायूं जिले के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम अल्लेपुर बुजुर्ग निवासी ललतेश (20), हिमांशु (21) और ऋतिक शर्मा (20) सोमवार को बस से चन्दौसी आए थे। यहां बदायूं रोड स्थित एक होटल में भोजन करने के बाद वे वापस लौटने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार वहां रुकी, जिसके चालक अनिकेत ने बताया कि वह नोएडा जा रहा है और उन्हें बहजोई तक छोड़ देगा। तीनों युवक कार में बैठ गए। आटा गांव के पास कार की एक बाइक (यूपी 38डी 8768) से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और उसमें आग लग गई। पास में रखे गोबर के उपलों ने भी आग पकड़ ली, जिससे आग और भड़क गई। घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह कार सवारों को बाहर निकाला। वहीं बाइक सवार दूर जा गिरा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। बताया जा रहा है कि कार चालक की मौके पर जलकर मौत हो गई। घायलों को एंबुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक की पहचान अवधेश पुत्र ओंमकार निवासी ग्राम लहरसीस थाना हयातनगर के रुप में है। अन्य घायलों को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। सूचना पर सीओ बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार भी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।







## बिलारी समाचार

### कार की टक्कर में घायल मृतक महिला के पति की भी उपचार के दौरान मौत

**ठाकुरद्वारा।** गेहूं की कटाई करने जा रहे साइकिल सवार दंपति को कार चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पति की उपचार के दौरान मौत हो गई। दंपति की मौत पर परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी चंद्र मोहन अपनी पत्नी सुनीता के साथ साइकिल से रविवार को जंगल में गेहूं की कटाई करने जा रहे थे। रतूपुरा दारापुर मार्ग गांव के निकट ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार चालक कोतवाली क्षेत्र के गांव तरफदलपत निवासी दिनेश कुमार पुत्र सतवीर सिंह ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार महिला सुनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी। घायल महिला के पति चंद्रमोहन को उपचार के निजी अस्पताल में आनन फानन में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान चंद्रमोहन सिंह की भी मौत हो गई। पति पत्नी की मौत पर परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस ने दंपति के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। मृतकों के पुत्र ने पुलिस को कार चालक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक दिनेश कुमार पुत्र सतवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रामबाग धाम ट्रस्ट के त्रिवर्षीय चुनाव सम्पन्न, मौसम गुप्ता बने प्रधान



**चन्दौसी।** रविवार को रामबाग धाम में श्रीबारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के त्रिवर्षीय चुनाव का आयोजन चुनाव अधिकारियों की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रातः 08 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ, जिसमें सुबह से ही काफी उत्साह और गहमागहमी देखने को मिली। देर सायं तक मतदान प्रक्रिया जारी रही और रात्रि में मतगणना पूर्ण की गई। मतगणना के अनुसार प्रधान पद पर मौसम गुप्ता ने 491 मत प्राप्त कर विजय हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंदी पवन कुमार को अपेक्षित मत नहीं मिल सके। शुरुआत से ही मौसम गुप्ता बढ़त बनाए हुए थे। वे लंबे समय से मृदुल स्वभाव के समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं और समाज में उनकी अच्छी छवि है। मंत्री पद पर सीआईसी के शिक्षक अमित के.एस. वार्ष्णेय ने 443 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर राकेश आर्य को 412 मत मिले, जबकि आय-व्यय निरीक्षक पद पर गौरव वार्ष्णेय ने 534 मत प्राप्त किए। कोठारी पद पर अंकित वार्ष्णेय ने 434 मतों के साथ विजय प्राप्त की। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रतीक वार्ष्णेय (618), गणेश चौधरी (576), कौशल वार्ष्णेय (571), मयंक वार्ष्णेय (562), यश गुप्ता (561), दीपांशु वार्ष्णेय (546) सहित अन्य उम्मीदवारों ने भी जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# बाबासाहेब की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने पर भड़के शिवसैनिक, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना से शिवसैनिकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मामले को लेकर शिवसेना (उद्धव बाला. साहेब ठाकरे) के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने गांव जाकर विरोध दर्ज कराने की घोषणा की, लेकिन पुलिस ने उन्हें एहतियातन उनके आवास पर ही नजर. बंद कर दिया।इस दौरान जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा से फोन पर वार्ता कर घटना पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। इसके बाद शिवसेना के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी ग्रामीण कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में शिवसैनिकों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे ठाकुरद्वारा पहुंचकर बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस मौके पर शिवसेना प्रतिनिधिमंडल में वीरेंद्र अरोड़ा के साथ कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, अरुण ठाकुर, पंकज पाल, दीपक, रिंकू, सुरेश सैनी, अशोक सैनी और शरद कपूर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों को चिन्हित कर जल्द ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस सतर्क है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।



# बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/बिलारी।** थाना मैनाठेर क्षेत्र में शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से एक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार गांव लदपुरा निवासी जुबेर आलम पुत्र तौफीक तथा हाशिम पुत्र तौफीक अपनी बाइक से रिश्तेदारी में सुजानपुर जा रहे थे। अभनपुर नरौली के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए।हादसे के बाद मौके पर राहग. ीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को तत्काल साम.



ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जुबेर आलम की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया। हाशिम का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना दे दी गई है। परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने अभनपुर नरौली मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार पर अंकुश लगाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

# घायल नीलगाय को तालाब से निकाल कर उपचार कराया

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में रविवार की रात जंगल में एक नीलगाय को कुत्तों के झुंड ने दौड़ा लिया। नीलगाय कुत्तों से बचने को भागते समय खेतों में बंधे कंटीले तारों में उलझकर गम्भीर घायल हो गई और भागते हुए आबादी के निकट एक तालाब में खड़ी बड़ी-बड़ी झाडिय्यों में फंसकर गिर गई। विशन आर्य आदि ग्रामीणों ने लाठी डंडों से कुत्तों को भगाकर नीलगाय को तालाब से निकाला और वन विभाग कर्मियों को सूचना दी। देर रात तक वन विभाग कर्मी के पहुंचने पर उपचार करने के दौरान नीलगाय जंगल में भाग गई।



# मैक्स अस्पताल वैशाली में बेटे ने लीवर दान कर पिता को दिया नया जीवन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहस, प्रेम और आधुनिक चिकित्सा का प्रेरणादायक उदाहरण पेश करते हुए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, वैशाली के डॉक्टरों ने एंड-स्टेज लिवर डिजीज से पीड़ित 51 वर्षीय व्यक्ति का जटिल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट कर सफलतापूर्वक जीवन बचाया।मुरादाबाद निवासी श्री राजेश्वर कुमार पिछले तीन वर्षों से क्रॉनिक लिवर डिजीज से जूझ रहे थे। इसके साथ ही उन्हें लंबे समय से डायबिटीज और हाइपोथायरायडिज्म की समस्या भी थी, जो जीवनशैली से जुड़े कारणों के चलते और जटिल हो गई थी। स्थिति गंभीर होने पर लिवर ट्रांसप्लांट ही उनके लिए एकमात्र जीवनरक्षक विकल्प बचा। यह ट्रांसप्लांट प्रो. (डॉ.) सुभाष गुप्ता, ग्रुप चेयरमैन ख्र सेंटर फॉर लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, मैक्स हेल्थकेयर के नेतृत्व में किया गया।इस दौरान उनके 26 वर्षीय बेटे हिमांशु कुमार, जो पेशे से वकील और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, ने साहस और संवेदनशीलता दिखाते हुए अपने लिवर का एक हिस्सा



दान किया। बेटे द्वारा लगभग 680 ग्राम वजन का लिवर का हिस्सा यानी राइट लोब दान किया गया, जिसे सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया।लिवर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से अस्पताल द्वारा एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र में डॉ. राजेश डे, निदेशक लिवर ट्रांसप्लांट एवं बिलियरी साइंसेज, रोबोटिक सर्जरी, पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट, तथा डॉ. तेजल भोय, कंसल्टेंट लिवर ट्रांसप्लांट एवं बिलियरी साइंसेज, मैक्स अस्पताल, वैशाली उपस्थित रहे। डॉ. राज. श डे ने इस केस पर बात करते हुए कहा कि यह मामला लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी में हुई प्रगति और समय पर इलाज की अहमियत को दर्शाता है। डोनर और रिसीपिएंट दोनों की रिकवरी अच्छी रही। डिस्चार्ज के समय उनकी स्थिति स्थिर थी, ग्राफ्ट फंक्शन अच्छा था और लिवर फंक्शन टेस्ट सामान्य थे। उन्होंने कहा कि लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें सटीक योजना, उच्च स्तरीय सर्जिकल कौशल और टीमवर्क की आवश्यकता होती है। इस सफलता में सर्जिकल विशेषज्ञता, पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल और परिवार के अटूट सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।डॉ. तेजल भोय ने कहा कि इस केस की विशेषता यह है कि सर्जरी के बाद मरीज के जीवन में समग्र सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। जहां ट्रांसप्लांट ने तत्काल चिकित्सा चुनौती का समाधान किया, वहीं दीर्घकालिक सफलता काफी हद तक जीवनशैली में बदलाव और डॉक्टरों की सलाह का पालन करने पर निर्भर करती है। मरीज ने स्वस्थ आदतें अपनाने के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है, जो भविष्य की जटिलताओं को रो. कने के लिए बेहद जरूरी है।यह मामला न केवल मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, वैशाली की क्लिनिकल उत्कृष्टता को दर्शाता है, बल्कि भारत में बढ़ते लिवर रोगों के बोझ से निपटने के लिए अंगदान और निवारक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व को भी रेखांकित करता है।

# परिषदीय स्कूलों में 'न्यूज रीडिंग' से बढ़ेगी सीखने की गुणवत्ता

चन्दौसी। परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की पढ़ाई को अधिक दिलचस्प और उपयोगी बनाने के उद्देश्य से नई शैक्षिक पहल शुरू की जा रही है। इसके तहत स्कूलों में नियमित रूप से समाचार पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे बच्चों में पढ़ने की आदत विक. सित हो और वे मोबाइल व अन्य डिजिटल साधनों पर कम निर्भर रहें। योजना के अंतर्गत हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के अखबार स्कूलों में पहुंचाए जाएंगे। प्रतिदिन प्रार्थना सभा में 10 मिनट का समय समाचार पढ़ने के लिए तय किया गया है, जहां छात्र बारी-बारी से प्रमुख खबरों का वाचन करेंगे। इससे उनमें आत्मविश्वास के साथ-साथ सामान्य ज्ञान भी बढ़ेगा। बच्चों की भाषा क्षमता को मजबूत करने के लिए अखबारों से नए शब्द चुनकर उनके अर्थ समझाए जाएंगे। साथ ही उन्हें यह भी सिखाया जाएगा कि समाचार पत्र कैसे बनता है और खबरों को किस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है। विद्यालय स्तर पर बच्चों से स्वयं की पत्रिका तैयार कराई जाएगी, जिसमें वे लेखन और संपादन का अनुभव प्राप्त करेंगे। कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को विभिन्न विषयों की खबरों की कटिंग एकत्र कर स्क्रैप बुक बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इसके अलावा, सप्ताह में एक दिन पहेलियां, सुडोकू और क्विज जैसी गतिविधियां भी कराई जाएंगी। बीईओ मुंशी पटेल ने बताया कि इस पहल का मकसद बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाना और उनकी बौद्धिक क्षमता का विकास करना है।

### डीजे पर डांस को लेकर विवाद, लाठी-डंडे चलने से कई घायल

**चन्दौसी।** निकटवर्ती गांव बुद्धनगर खण्डुवा में रात्रि के समय डीजे पर डांस को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गए। इस झगड़े में कई लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि एक दिन पूर्व भूड़ हस्तापुर से रिश्तेदार भात कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खण्डुवा आए थे। कार्यक्रम के दौरान रात में डीजे पर डांस करते समय किसी बात को लेकर कहा. सुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान सीमा पत्नी रामबाबू, हुकुम सिंह पुत्र धर्मवीर, सलोनी पत्नी पप्पू, अरविंद पुत्र पप्पू, अर्जुन पुत्र धर्मवीर, बनवारी पुत्र धर्मवीर और बनवारी पुत्र रामस्वरूप सहित कई लोगों को चोटें आई हैं। घायलों का उपचार कराया गया।

पीडित पक्ष द्वारा थाना में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रसिद्ध मढ़ी मंदिर के निकट आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण शुरू अस्पताल निर्माण का प्रस्ताव बोर्ड में पास नहीं हुआ: रजनी सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा नगर में लंबे समय से प्रतीक्षित आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण कार्य पुनः ग्राम समाज फतेह उल्लागंज की गाटा संख्या 612 पर प्रारंभ हो गया । किंतु नगर पालिका द्वारा इस कार्य को मौखिक आदेश देकर रुकवा दिया गया। निर्माण कर रहे ठेकेदार मेहकार सिंह ने बताया कि इस संबंध में मंगलवार को डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह एवं उनके सीनियर डॉक्टर के जिलाधिकारी से मिलने की संभावना है. उन्होंने बताया कि उन्हें कोई लिखित आदेश नहीं दिए गए हैं मौखिक आदेश पर ही कार्य को रुकवा दिया गया है। जिस पर निर्माण कर रही संस्था के लोग इस मामले में मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगे।

नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने इस निर्माण कार्य के बारे में बताया कि नगर पालिका द्वारा इस संबंध में कोई भी लेटर अथवा प्रस्ताव बोर्ड में पास नहीं किया गया है। इससे पूर्व अविभाजित गाटा संख्या 595 मि0 पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण का प्रयास किया गया था। किंतु इस गाटा संख्या पर श्री शिव मढ़ि मंदिर सेवा ट्रस्ट एवं अन्य विवादों के चलते निर्माण कार्य नहीं कराया जा सका एवं डीएम के मौखिक आदेश के बाद इसको अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने के आदेश दिए गए। उल्लेखनीय है कि फतेहउल्लागंज की संख्या 595 की भूमि को श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट ने मंदिर की भूमि बताया था । इस पर निर्माण किए जाने का कड़ा विरोध किया था, जिसके बाद यह मामला मुख्यमंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री तक पहुँचा। प्रभारी मंत्री के हस्तक्षेप और जिलाधिकारी (डीएम) के आदेश पर पुराने स्थान पर निर्माण को रोक दिया गया था। नई भूमि का आवंटन और पैमाइश आदेश जिलाधिकारी ने दिए थे। एवं श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा ठेकेदार की बुनियाद आदि में आई लागत ठेकेदार को अदा की गई थी । इसके बाद उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने हल्का लेखपाल हिमांशु कुमार को अस्पताल निर्माण के लिए अन्य भूमि उपलब्ध कराने के लिए कहा था, जिसके लिए गाटा संख्या 612 की पैमाइश गई थी। इसी के चलते अस्पताल के लिए मुरादाबाद हाईवे पर स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर मढ़ी के निकट गाटा संख्या 612 में भूमि आवंटित की गई गई है। एसडीएम के आदेश पर हल्का लेखपाल हिमांशु ने करीब 450 वर्ग मीटर भूमि की पैमाइश की प्रक्रिया पुरी की थी। किंतु इस संबंध में नगर पालिका द्वारा बोर्ड में इसका प्रस्ताव पास कर विधिक कार्य पूरा नहीं किया गया है । इसी अधूरी प्रक्रिया के चलते इस निर्माण कार्य के पुनः एक बार फिर लटकने की संभावना बढ़ गई है। वर्तमान में यह आयुर्वेदिक अस्पताल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक छोटे हिस्से में संचालित हो रहा है। श्री शिव मढ़ि मंदिर सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों अभिषेक अग्रवाल, अनुराग सिंघल, आशीष अग्रवाल, संजय सिंघल आदि ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह यह प्रक्रिया भी शीघ्र ही दूर हो जाएगी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण पुनः प्रारंभ हो जाएगा इससे जनता को इसका लाभ मिलेगा।

# अतिक्रमण पर चला पालिका का बुलडोजर

## नगरपालिका प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका ने नगर में सुरजननगर रोड के दोनों साइडों हो अतिक्रमणकारियों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चालकर शिकंजा सका। अभियान की सूचना पर अतिक्रमणकारियों हड़कंप मच गया। अधिशासी अधिकारी रंजनी सिंह ने बताया कि नगर में बाबूरामपाल सिंह द्वार से तिकोनिया बस स्टैड पर दोनों साइडो में अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी। इससे प्रति दिन नगर की जाम की समस्या पैदा हो जाती थी। जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने के लिए नगर के वांशिदों को सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें पालिका टीम ने तिकोनिया बस स्टैड , चलचित्र ढाल व बाबू रामपाल सिंह द्वार के दोनों साइडो में हो रहे अतिक्रमणाकारियों पर शिकंजा कसते हुए अतिक्रमण हटवाया।

इस दौरान पालिका टीम और अतिक्रमण कारियो के बीच तींखी नोंक झोंक भी हुई, लेकिन अभियान जारी रहा। टीम में प्रधान लिपिक विजयपाल सिंह, लिपिक सतीश शर्मा, सफाई नायक राजेश कुमार, व राकेश कुमार चंचल कुमार राज कुमार, देवेंद्र कुमार, आकेश कुमार ,अंकित भील शामिल रहे। अभियान पुलिस सुरक्षा की बीच चलाया गया।



# एक बहन भाई की ही बन गई दुश्मन

- बहन ने दबंगों संग मिलकर भाई को घर से निकाल कर पिटवाया
- घटना की सीसीटीवी पफुटेज हुआ वायरल, जांच म जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** कोतवाली के चंद कदम पीछे दिनदहाड़े हुई दबंगई का वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। मकान कब्जाने की नीयत से पहुंचे 8-10 लोगों ने युवक को घर से खींचकर सड़क पर घसीटा, बेरहमी से पीटा और गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। दिल दहला देने वाली पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई, जबकि मौके पर मौजूद भीड़ तमाशबीन बनी रही।

कोतवाली क्षेत्र के पीछे मोहल्ला गणेशगंज में रविवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मकान कब्जाने की नीयत से आए दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना का पूरा घटनाक्रम पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। मोहल्ला गणेशगंज निवासी कुलबीर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह के अनुसार, 19 अप्रैल को शाम करीब 6:15 बजे उनकी बहन मनमिंदर कौर बाजवा, जो वर्तमान में कनाडा में रह रही है, अपने सहयोगी जगजीवन सिंह बाजवा सहित 8-10 अज्ञात लोगों के साथ उनके घर पहुंची। आरोप है कि जैसे ही गेट खुलवाया गया, पहले से घात लगाए खड़े लोगों ने कुलबीर को दबोच लिया। हमलाव. रों ने कुलबीर को हाथ-पैर पकड़कर घसीटते हुए सड़क पर ले जाकर बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उसकी गर्दन दबाकर जान से मारने की को. शिश भी की गई। कुलबीर मदद के लिए श्बचाओ-बचाओश चिल्लाता रहा, लेकिन आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने आगे बढ़कर मदद नहीं की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने आरोपी मनमिंदर कौर और जगजीवन सिंह बाजवा को हिरासत में लेकर कोतवाली लाया, जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

# डंपर ने बाइक सवार छात्रों को रौंदा

**एक की मौके पर मौत, तीन गंभीर घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार बीती रात को बीएससी के एक छात्र की मौके पर मौत हो गई जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीनों छात्रों को पीछे से टक्कर मार दी।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम मसीत निवासी आशीष कुमार 20 वर्षीय बीसलपुर बाला देवी रोशन लाल डिग्री कॉलेज में बीएससी का छात्र था शनिवार को कॉलेज में कार्यक्रम से लौटते समय वह अपने साथियों विकास कुमार और विकास के साथ बाइक से घर को वापसी कर रहा था तभी पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर ग्राम टिकरी स्थित गैस एजेंसी के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आशीष उछलकर डंपर के पिछले पहिए के नीचे आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बीसलपुर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया वहीं दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है डंपर चालक की तलाश जारी है परिजनों द्वारा तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# कय्यूम ने पड़ोस में खेलने गई मासूम बच्ची से की छेड़छाड़

**आरोपी ई रिक्शा चालक गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** शहर से सटे एक गांव में सात साल की बच्ची के साथ दूसरे समुदाय के ई- रिक्शा चालक द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मामला दो समुदायों से जुडा होने के कारण पुलिस तत्काल हरकत में आ गई, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम कय्यूम है। पुलिस के अनुसार कल दोपहर सात साल की बच्ची पड़ोस के घर में खेलने के लिए गई हुई थी। उस घर में आरोपी का आना-जाना था। आरोपी टुकटुक चलाता है। जिस घर में बच्ची खेलने गई हुई थी उसी घर का टुकटुक ई रिक्शा आरोपी किराए पर चलाता है। ई रिक्शा चालक ने बच्ची को अकेला पाकर दबोच लिया, बच्ची जब रोते हुए घर पहुंची तब परिजन उसकी हालत देखकर समझ गए, तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और बच्ची को मेडिकल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया उसका उपचार किया जा रहा है इस बीच पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश देकर आरोपी गांव चिडियादाह निवासी कयूम को गिरफ्तार कर लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है. मामला दो समुदायों से जुडा होने के कारण गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

# नौ मई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांक 8 जनवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश पीलीभीत के निर्देशानुसार दिनांक 9/5/2026 को प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक दीवानी न्यायालय प्रांगण पीलीभीत एवं बाह्य न्यायालय पूरनपुर तथा बीसलपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में यशोदास, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा जनमानस से अपील की गयी है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कर सकते हैं तथा राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं। अरूण क्रान्ति यशोदास, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पीलीभीत के द्वारा यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जनपद में समस्त विभागों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है कि अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों/मामलों को नियत कर उनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाये जिससे कि दोनों पक्षों को लोक अदालत का लाभ मिल सके।

# मोबाइल लूट के दो आरोपी दबोचे घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी पुलिस द्वारा छिनैती की घटना का सफल अनावरण कर प्रकाश में आए 2 बदमाशों को छिनैती के एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सुनगढ़ी पुलिस टीम द्वारा एक दिन पूर्व हुई मोबाइल लूट की घटना के आरोपी राजेन्द्र पुत्र केदानाथ निवासी मो० मनिहारन कस्बा व थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत उम्र 24 वर्ष व माजिद पुत्र नत्थूशाह निवासी माधवपुर थाना अमरिया जनपद पीलीभीत उम्र 32 वर्ष को टाईगर तिराहे से देवाह पुल की तरफ जाने वाले रास्ते पर छीने गये वादी अशोक के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। दिनांक 19.04.2026 को अशोक कुमार पुत्र गोकिल प्रसाद नि०ग्राम पोटा डाम थाना अमरिया जिला पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी क्षेत्रान्तर्गत टाईगर तिराहा से 3 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा मोबाइल छिनैती की घटना कारित की गई तथा जिससे वादी का मोबाइल छीन कर ले गये। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त बबलू पुत्र खलील शाह की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास जारी हैं। शीघ्र ही गिरफ्तार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# बीडीआरएल फिएस्टा में बॉलीवुड स्टार पूजा ठाकरे का जादू

- सुरों की महफिल में झूमे दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** नगर के श्बाला देवी रोशन लाल कॉलेज बीडीआरएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंसश में आयोजित 'बीडीआरएल फिएस्टा 2026' का भव्य समापन हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा ठाकरे ने अपनी शानदार उपस्थिति और लाइव गायन से समां बांध दिया।



उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद हर दर्शक का दिल जीत लिया। उत्सव के दौरान 'बीडीआरएल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रथम स्थान: प्रांजल गंगवार 10 हजार, द्वितीय स्थान, आदित्य गंगवार 5 हजार, तृतीय स्थान: अमन गंगवार 2500 इसके साथ ही 10 अन्य प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि भेंट की गई।

## दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के संरक्षक डॉ. तौलेराम गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तारावती गंगवार और प्रबंधक डॉ. रत्नेश गंगवार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि पूजा ठाकरे का स्वागत भाजपा नेता डॉ. रत्नेश गंगवार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।

इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका गंगवार, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य मनोज कुमार, डिग्री कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. पतंजलि गंगवार और लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रवि प्रकाश गंगवार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। पूरा परिसर उत्साह, ऊर्जा और मनोरंजन के रंगों से सराबोर नजर आया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** रविवार को नगर पंचायत कलीनगर में शस्त्र और शास्त्र के समन्वय, मयार्दा और साहस के प्रतीक, भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान एवं पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के चेयरमैन अमित मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान परशुराम के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनके बताए रास्ते पर चलने की बात कही। अन्य वक्ताओं ने कार्यक्रम में अपने अपने बिचार रखे। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष आनन्द मिश्रा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिला महामंत्री महेन्द्र मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश भारती, अखिल भारतीय ब्राह्मणमहासभा तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा तहसील मंत्री मानस शुक्ला, अमनदीप मिश्रा, राजेंद्र पाण्डेय, कार्यक्रम अध्यक्ष अलोक कुमार शर्मा मुख्य चिकित्सा डॉ आलोक शर्मा अधिकारी पीलीभीत रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश मिश्रा द्वारा किया गया।

# नौ मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

- आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराएं मामलों का निस्तारणः सुमन तिवारी

**शाह टइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निर्देशानुकम में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप 09 मई 2026 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूं में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक संगल की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमन तिवारी ने बताया कि 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है, लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, सिविल प्रकृति के लंबित मामलों के लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित वाद पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं, कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद. राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाएँ, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत, जल कर एवं दूरसंच. ार बिल के विवाद, एन०आई०एक्ट, विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है।जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगण से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों/विवादों को निस्तारित करवाकर 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# भगवान परशुराम मंदिर निर्माण का हुआ शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर नगर में भक्ति और उत्साह का एक अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। भगवान विष्णु के छठे अवतार और ब्राह्मण कुल के गौरव, भगवान श्री परशुराम जी के भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प आज धरातल पर उतरा। नगर के ऐतिहासिक स्थल बाबा श्यामलदास जी की मढ़ी (मोहल्ला दुबे) में वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच मंदिर की आधारशिला रखी गई।



20 अप्रैल 2026 को दोपहर ठीक 1:30 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर का विधिवत शिलान्यास किया गया। विद्वान पंडितों के सानिध्य में भूमि पूजन संपन्न हुआ, जिसमें यजमानों ने मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा परिसर ष्जय परशुरामष और ष्हर-हर महादेवष के नारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भगवान परशुराम के आदर्शों और शस्त्र-शास्त्र के ज्ञान की प्रेरणा भी देगा। इस पुनीत कार्य का आयोजन बीसलपुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल शनिवकीश द्वारा किया गया। उनके इस प्रयास की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी का मंदिर नगर की धार्मिक विरासत में एक नया अध्याय जोड़ेगा और यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि हमें इस सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। शिलान्यास के इस पावन अवसर पर बीसलपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से ब्राह्मण समाज के लोग भारी संख्या में एकत्रित हुए। समाज के प्रबुद्ध जनों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से एक भव्य परशुराम मंदिर की प्रतीक्षा थी, जो आज पूरी होने जा रही है। कार्यक्रम में केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं, बल्कि सर्वसमाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर धार्मिक सौहार्द का परिचय दिया। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने वालों में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, राजनीतिक पदाधिकारी और मौजूद रहे। मंदिर निर्माण के इस संकल्प ने पूरे नगर को उत्सव के माहौल में सराबोर कर दिया है।

# 29 अप्रैल को हरदोई मे प्रधनमंत्राी करेंगे नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण दिनांक 29 अप्रैल 2026 को जनपद हरदोई में माननीय प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई लगभग 594 किलोमीटर है, जो मेरठ-बुलंदशहर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग-334) पर स्थित जनपद मेरठ के बिजौली ग्राम से प्रारंभ होकर प्रयागराज बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग-19) पर जनपद प्रयागराज के जुड़ापुर दांदू ग्राम के समीप तक विस्तृत है। इस परियोजना से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों के बीच आवागमन अत्यंत सुगम और तेज होगा, जिससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को नई गति मिलेगी।

# भीषण आग में तीन भैंसे जली, एक कार राख, लाखों की हुई क्षति



**संवाददाता शाह टाइम्स**

**उसावां।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंच. दुरा दीवान नगर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। देवेंद्र यादव के घर में अचानक आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

बताया जा रहा है कि जिस घर में शादी का कार्यक्रम था, उसी दौरान अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में खड़ी वैगनआर कार, तीन भैंसें, अनाज, नकदी सहित अन्य कीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रति. निधि और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गए। दातागंज ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह और उसावा थाना अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। अतेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को सूचना दे दी गई है और पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगें। साथ ही उन्होंने विधायक राजीव कुमार सिंह 'बब्बू भैया' की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।पीड़ित देवेंद्र यादव ने बताया कि आग अचानक लगी, लेकिन उन्हें संदेह है कि यह घटना सुनियोजित हो सकती है। हालांकि, अभी तक उन्होंने थाने में लिखित शिकायत नहीं दी है।

आरोप है कि आग लगने के 2 घण्टे बाद भी प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं पहुंची।यदि अग्निशमन दल समय से पहुंच जाता तो काफी सामान बचाया जा सकता था।फिलहाल इस घटना के बाद गांव में दहशत और दुख का माहौल है। पीड़ित परिवार ने सरकार से उचित मुआवजे और न्याय की मांग की है।

# जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में ऐतिहासिक वृद्धि, किसानों को मिला सीधा लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद बदायूं में गन्ना किसानों के हित में विगत वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मार्च 2012 से मार्च 2017 की अवधि की तुलना में अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक गन्ना मूल्य भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुदृढ़ता आई है।

वर्ष 2012 से 2017 के मध्य जहां कुल 84,509 गन्ना किसानों को लगभग 673.72 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, वहीं वर्ष 2017 से दिसंबर 2025 तक यह संख्या बढ़कर 1,32,450 किसानों तक पहुंच गई है। इस अवधि में कुल गन्ना मूल्य भुगतान बढ़कर लगभग 1173.34 करोड़ रुपये हो गया है। यह वृद्धि न केवल भुगतान की मात्रा में बल्कि लाभार्थी किसानों की संख्या में भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

गन्ना मूल्य भुगतान की यह प्रगति सरकार की किसान हितैषी नीतियों, पारदर्शी व्यवस्था एवं समयबद्ध भुगतान प्रणाली का परिणाम है। पहले जहां किसानों को अपने भुगतान के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब डिजिटल एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया गया है। इस दौरान गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए गए हैं। आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार, उन्नत बीजों की उपलब्धता, सिंचाई सुविधाओं में सुधार तथा किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करने से उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप गन्ना किसानों की आय में भी वृद्धि देखने को मिली है। इसके अतिरिक्त, किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर संवाद स्थापित किया गया है। मिलों के साथ समन्वय बनाकर भुगतान में देरी को न्यूनतम करने का प्रयास किया गया है। साथ ही, गन्ना सर्वेक्षण एवं पर्ची वितरण प्रणाली को भी अधिक पारदर्शी बनाया गया है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। गन्ना मूल्य भुगतान में यह वृद्धि न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। किसानों के पास बढ़ी हुई क्रय शक्ति से स्थानीय बाजारों में भी सकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य किसानों को समय पर उनका पूरा भुगतान सुनिश्चित करना है। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी स्तर पर लाप. रवाही न बरती जाए।

# दिव्यांगजनों को स्वरोजगार हेतु दुकान निर्माण/संचालन योजना का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायू।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी बदायूं द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण/संचालन योजना के अंतर्गत जनपद के ऐसे दिव्यांगजन, जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है तथा जो स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक हैं और पूर्व में इस योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर चुके हैं, उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत दुकान संचालन हेतु 10,000 रूपये तथा दुकान निर्माण हेतु 20,000 रूपये की धनराशि दी जाएगी। इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय पोर्टल http://divyangjandukan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र अथवा जनसेवा केंद्र के माध्यम से भी किया जा सकता है। आवेदन करते समय दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी), आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य है। चयनित लाभार्थियों को निर्धारित शुल्क के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र जमा करना होगा तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन, बदायूं के कक्ष संख्या-103 में जमा करनी होगी।

# अकबराबाद चौराहा से नसरुल्लागंज मार्ग पर रोज लग रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** नसरुल्लागंज से जाने वाले अकबराबाद मार्ग पर व्यापारियों द्वारा दुकानों के बाहर समान लगाने के चलते लगा रहता है जाम वहीं कुछ व्यापारियों द्वारा ऊपर से ठेले वालों से महीना दरी बांधकर दुकानों के आगे खड़े करा लेते हैं ठेले जिसको जिम्मेदार लोग जानकर भी अंजान बने हुए हैं नगर के व्यस्ततम अकबराबाद चौराहा से नसरुल्लागंज जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। सड़क किनारे एवं बीच मार्ग पर ठेले लगाकर फल-सब्जी और अन्य सामान बेचे जाने से रास्ता संकरा हो जाता है, जिसके चलते वाहनों की आवाजाही बाधित रहती है।

सुबह से शाम तक बाइक, ई-रिक्शा, ठेला और अन्य छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसे दिखाई देते हैं। राहगीरों को निकलने तक में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच घंटों जाम में फंसने से आमजन परेशान हैं। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर लगे ठेलों को व्यवस्थित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए तथा यातायात व्यवस्था दुरुस्त कर आम जनता को राहत दिलाई जाए।

# मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम की प्रभारी महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी तथा बाल अपराध जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया। मिशन शक्ति टीम द्वारा 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा के बारे में जागरूक किया गया। महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने प्रदेश सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं समूह विवाह योजना की जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं से अपील की कि वह किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में संकोच न करें और तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका आदि उपस्थित रही।

# शाखा प्रबंधक की कार्यशैली बनी मिसाल, बैंक में बढ़ी ग्राहक संतुष्टि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायू।** दातागंज भारतीय स्टेट बैंक दातागंज मुख्य शाखा इन दिनों अपनी बेहतर कार्यप्रणाली और उपभोक्ता-अनुकूल दृष्टिकोण के कारण चर्चा का केंद्र बनी हुई है। शाखा प्रबंधक रोशन लाल के कुशल नेतृत्व में बैंक न केवल वित्तीय सेवाओं का विस्तार कर रहा है, बल्कि ग्राहक संतुष्टि के नए मानक भी स्थापित कर रहा है।

संवाददाता अभिषेक वर्मा द्वारा की गई जमीनी पड़ताल में सामने आया कि बैंक आने वाले उपभोक्ताओं, विशेषकर बुजुर्गों और महिला ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कई महिला उपभोक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शाखा प्रबंधक रोशन लाल का व्यवहार अत्यंत सौम्य और सहयोगी है। समस्याओं के समाधान के लिए अब ग्राहकों को लंबी कतारों या अनावश्यक प्रतीक्षा का सामना नहीं करना पड़ता। डिजिटल साक्षरता और पारदर्शिता पर जोर, शाखा प्रबंधक रोशन लाल ने वार्ता के दौरान अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा हमारा मुख्य उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुँचाना है। हम ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और किसानों को डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक कर रहे हैं ताकि वे बिचौलियों से बच सकें और अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकें।

## मुरादाबाद की सपा सांसद रुचि वीरा ने दो टूक कहा

# महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं है। अगर मोदी सरकार की नीयत साफ होती, तो अब तक महिलाओं को आरक्षण मिल गया होता। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सांसदों की संख्या बढ़ाकर देश की जनता पर आर्थिक बोझ डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में परिसीमन बिल पास न होने के बाद भाजपाई ड्रामा कर रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के जिला कार्यालय में समाजवादी पीडीए सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप से मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुंवरानी रुचि वीरा उपस्थिति रही। यह सम्मेलन सपा द्वारा विशेष रूप से आयोजित किया गया। जिसमें हाल ही में पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लखनऊ मुख्यालय में सांसद कुंवरानी रुचि वीरा के नेतृत्व में राहुल सिंह, मुनिदेव शर्मा, एम.पी. सिंह सहित अन्य नेताओं को पार्टी में शामिल किए जाने के उपलक्ष्य में उनका सम्मान भी किया गया। सांसद कुंवरानी रुचि वीरा के आगमन पर एक बैंकट हॉल में हजारों किसानों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों के साथ विशाल रैली निकाली गई । सांसद रुचि वीरा एवं राहुल सिंह सहित अन्य नेता ट्रैक्टर पर सवार थे। इन्होंने नुमाइश ग्राउंड पहुंच कर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद जब काफिला आगे पार्टी कार्यालय के लिए रवाना हुआ, तो इन्हें रोक दिया गया। जिस पर सांसद रूचि वीरा एवं वरिष्ठ नेता राहुल सिंह ने आक्रोश व्यक्त किया। इनका कहना था कि भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस सपा कार्यकर्ताओं का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि जब सपा के द्वारा कोई भी आयोजन किया जाता है, तो भाजपाईयों के पेट में दर्द होना शुरू हो जाता है। सांसद रुचि वीरा ने कहा कि प्रदेश में सपा की लहर चल रही है और भाजपा सरकार के खिलाफ जनता में गुस्सा है। वरिष्ठ सपा नेता राहुल सिंह ने कहा कि पीड़ित जनता की आवाज बुलंद कर रहे सपा नेताओं को दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब-जब भाजपा डरती है, तब तक पुलिस को आगे करती है। इसके बाद सभी नेता पैदल ही जिला कार्यालय पहुंचकर सम्मेलन में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की। जबकि संचालन पूर्व जिला महासचिव चौधरी आदित्यवीर सिंह द्वारा किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद रुचि वीरा ने कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने महिला आरक्षण बिल पर विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को केवल आरक्षण देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वास्तविक रूप से निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल पूर्व में ही पास हो चुका है, लेकिन मोदी सरकार उसे लागू नहीं कर रही है। मोदी सरकार महिलाओं को आरक्षण देना नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में सांसदों की संख्या बढ़ाने के लिए बिल लाया गया था, जो विपक्ष की समझदारी की वजह से पास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता को गुमराह कर रही है। भाजपा सरकार में महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। महिलाओं को इंसाफ नहीं मिल पा रहा है। समाजवादी पार्टी की नीतियां हमेशा किसानों, युवाओं और गरीब वर्ग के हित में रही हैं। पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समाज को साथ लेकर चलना ही समाजवाद की असली पहचान है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह ग्राम-ग्राम जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं। वरिष्ठ नेता राहुल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता की असली हमदर्द है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सपा सरकार में सबसे ज्यादा विकास कार्य हुए थे। आम जनता के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था सपा सरकार के द्वारा कराई गई थी। सपा सरकार में किसी का उत्पीड़न नहीं होता था। लेकिन भाजपा सरकार में अल्पसंख्यकों सहित धर्मनिरपेक्ष जनता व नेताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सच्चाई को दबाती है और झूठ को बढ़ावा देती है। किसानों और मजदूरों की भलाई के लिए कोई काम नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनौतियां बहुत हैं और तमाम साजिश भी रची जाएगी। लेकिन इनसे डरना नहीं है और डट कर मुकाबला करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत लगानी है। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही समाजवादी पार्टी की पहचान है। जनता में भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है।

नजीबाबाद के विधायक तसलीम अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा सामाजिक न्याय और भाईचारे की राजनीति को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि पीडीए समाज एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आए। उन्होंने कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और उनका समाधान कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

समाजवादी नेता राहुल सिंह ने अपने संबोधन में पीडीए की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज की एकता ही देश और प्रदेश की राजनीति में बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां हमेशा कमजोर वर्गों को मजबूत करने और उन्हें मुख्यधारा में लाने पर केंद्रित रही हैं। राहुल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी निरंतर जनहित के मुद्दों को उठाने का कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और किसानों के हितों की रक्षा समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता रही है। राहुल सिंह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह संगठन को मजबूत करें और आगामी चुनावों के लिए अभी से तैयारी में जुट जाएं। वरिष्ठ नेता एवं जनपद की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले मुनिदेव शर्मा ने 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती और संगठन के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी ही वह विकल्प है, जो सभी वर्गों, विशेषकर पीडीए समाज को न्याय और सम्मान दिला सकती है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें। जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाएं और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता खुशनुद खान, चांदपुर के विधायक स्वामी ओमवेश, डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अमित चौहान, स्वाति वीरा, धनंजय यादव, डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, डॉ. लाखन पाल, कमलेश भूय्यार, राधा सैनी, अखलाक पप्पू, अहमद खिजर खान, महमूद कस्सार, प्रमोद प्रधान, मंशाराम सैनी, साइम राजा, बी.के. कश्यप, देवानंद भूय्यार, नवाब मंसूरी, समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हनी फैसल, सुहेल बाकर, नमन प्रधान, संजय पाल, लक्ष्मी वर्मा, नसीम राना, मनोज राजपूत, अफजाल उल हक, वक्कार राइन, डॉ. इरफान मलिक, शहजाद अंसारी, विमला, मास्टर लईक अहमद, मौहम्मद आबिद, सरफराज सिद्दीकी, शेख रईस, यूनुस ताऊ, आसिफ रईस सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूलों की टंकियों की सफाई नहीं करा रहा बेसिक शिक्षा विभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक तरफ सरकार स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर अभियान चलाती है और बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के संचालन पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन स्कूलों की जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उल्टी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में रखी गई पानी की टंकियों की सफाई नहीं कराई जा रही है। स्कूलों के जिम्मेदार स्टाफ का इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। स्टाफ के पास इस बात की भी जानकारी नहीं है कि पूर्व में सफाई कब कराई गई थी। जनपद के स्कूलों में इन टंकियों की हालत बद से बदत्तर है। कई स्कूलों में टंकियों के ऊपर से ढक्कन गायब है और बंदर इनमें डूबकियां लगाते हुए देखे जा सकते है। जब इन टंकियों का पानी उबल कर बहता रहता है, तो पक्षी भी इसमें पानी पीते है।

### दूषित पानी इस्तेमाल करने को मजबूर विद्यार्थी

इन टंकियों की सुरक्षा व सफाई को लेकर न तो बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी और न ही स्टाफ चिंतित है। जो कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है। विद्यार्थी इन टंकियों का पानी इस्तेमाल करने को मजबूर है। भीषण गर्मी के मौसम में यह लापरवाही जानलेवा भी साबित हो सकती है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में ज्यादातर गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते है। इन परिवारों में जागरूकता का अभाव रहता है। उन्हें इस लापरवाही के बारे में कोई जानकारी भी नहीं होती है। मगर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते है। जिला प्रशासन भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

## एक नजर

### न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**रेहड़।** एक वर्ष पूर्व बारात में हुई मारपीट की घटना में न्यायालय के आदेश पर चार व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। नगीना के मौहल्ला लोहारी सराय वाल्मीकि बस्ती निवासी आदित्य कुमार भारती पुत्र राम सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 की रात्रि वह परिजनों सहित अपने चचेरे भाई के बेटे सागर की बारात में थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम पुक्खेवाला में आया था। रात्रि लगभग 11:30 बजे चचेरे भाई अजय से लेन-देन की बात कर रहा था। इसी दौरान मौहल्ला लोहारी सराय वाल्मीकि बस्ती, नगीना निवासी मेहर सिंह पुत्र कन्नू, दीपक व छोटू उर्फ नितिन पुत्रगण मेहर सिंह एवं मनोज पुत्र प्रकाश सिंह ने उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की और गले की सोने की चैन भी छीन ली। आदित्य का कहना है कि आरोपियों ने उसकी मां के साथ अभद्र व्यवहार किया और बुरी नीयत से पकड़ लिया। जिससे उसकी मां की लज्जा भंग हो गई। वह रिपोर्ट लिखाने थाने गया, परंतु उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पुलिस द्वारा सुनवाई न किए जाने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार आदित्य कुमार भारती की तहरीर पर मेहर सिंह पुत्र कन्नू, दीपक व छोटू उर्फ नितिन पुत्र मेहर सिंह एवं मनोज पुत्र प्रकाश सिंह निवासीगण मौहल्ला लोहारी सराय, वाल्मीकि बस्ती, नगीना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### मोबाइल चोर गिरफ्तार



**नूरपुर।** मौहल्ला कबीर नगर निवासी उदयवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 अप्रैल को वह घर से बाहर थे। घर पर उनकी पत्नी अकेली थी। इस बीच घर से मोबाइल चोरी हो गया। उदयवीर सिंह के अनुसार उनकी दुकान के किराएदार दिनेश कुमार के पुत्र नानू उर्फ शौर्य चौहान ने उनके घर से मोबाइल चुराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नानू को नामजद कर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मौहल्ला रामनगर निवासी नानू उर्फ शौर्य को बीती रात उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### बाप-बेटी के साथ मारपीट

**नूरपुर।** ग्राम गोपालपुर में बीती रात तीन युवकों ने बाप-बेटी के साथ मारपीट की। पीड़ित नरेश कुमार ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े बारह बजे गांव के ही तीन युवक नीरज, अनमोल और पंकज उनके घर आए। उन्होंने घर के बाहर गाली-गलौच शुरू कर दी। जब पीड़ित की बेटी भावना ने दरवाजा खोला कर गाली देने से मना किया, तो तीनों ने पीड़ित और उसकी बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों को पीटते हुए अपने घर ले गए और बाप-बेटी को एक कमरे में बंद कर दिया। तीनों युवकों ने उसकी बेटी के साथ बदतमीजी की। पीड़ित नरेश ने तीनों युवकों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने तहरीर मिलने की पुष्टी की है।

## किसान की गेहूं की फसल जली



**नजीबाबाद।** थाना मंडावली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीतमगढ़ उर्फ मिर्जापुर में एक किसान की फसल में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। किसान सूरजमल की लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। इस घटना से किसान सूरजमल को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जिससे क्षेत्र में चिंता का विषय बना हुआ है। सूरजमल की माता सुमंत्र देवी द्वारा घटना की जानकारी दी गई।

# बेटी ने निभाया बेटे का फर्ज

## मां को दी मुखाग्नि, श्मशान घाट पर हर आंख हुई नम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कहते हैं बेटियां अब किसी से कम नहीं, और जब वक्त आता है, तो वही बेटे से बढ़कर जिम्मेदारी निभाती हैं। ऐसा ही भावुक कर देने वाला दृश्य ग्राम सीरवासुचंद में देखने को मिला, जहां एक बेटी ने अपनी मां को मुखाग्नि देकर समाज को एक मजबूत संदेश दिया।

सीरवासुचंद निवासी भावना चौहान, जो नजीबाबाद में जीएसटी विभाग में पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं, अपनी दो बहनों रूपा चौहान और कविता चौहान के साथ परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।



बीती देर रात उनकी माता राजेश्वरी देवी (62) पत्नी महेंद्र सिंह का निधन हो गया। परिवार में कोई पुरुष सदस्य न होने के कारण तीनों बेटियों पर ही अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी आ गई। आज कालागढ़ बैराज स्थित श्मशान घाट पर जब अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई, तो माहौल बेहद भावुक हो गया। उस पल हर किसी की आंखें नम हो गईं, जब छोटी बेटी भावना चौहान ने कांपते हाथों से अपनी मां को मुखाग्नि दी। श्मशान घाट पर मौजूद ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने इस दृश्य को देखा तो हर किसी की आंखों से आंसू छलक पड़े। बेटियों के इस साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भीतर तक झकझोर दिया। लोगों ने एक स्वर में कहा कि बेटियां अब सिर्फ जिम्मेदारी ही नहीं निभा रहीं, बल्कि समाज की सोच को भी बदल रही हैं। अंत में सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और बेटियों के इस साहस को सलाम किया।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



# जमीनी विवाद ने बिगाड़ा गांव का माहौल, दो पक्ष आमने-सामने

## दीतनपुर में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर निर्माणाधीन दीवार ध्वस्त की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम दीतनपुर में जमीन को लेकर विवाद ने उग्र रूप ले लिया। जिससे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। एक छोटे से जमीन के टुकड़े को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए और स्थिति टकराव तक पहुंच गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिव शक्ति रेस्टोरेंट के पीछे स्थित उक्त जमीन को अपनी बैनामाशुदा संपत्ति बताते हुए महेश कुमार निर्माण कार्य करा रहा था। वहीं दूसरे पक्ष, यानी ग्रामीणों का आरोप है कि यह भूमि सिंचाई विभाग की नाली है, जिस पर किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध है और इसे किसी भी हालत में नहीं होने दिया जाएगा।





ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार उक्त स्थान पर निर्माण कराने की कोशिश की जा चुकी है, जिसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी। शिकायतों के बाद निर्माण कार्य पर रोक भी लगाई गई थी, लेकिन इसके बावजूद फिर से निर्माण शुरू कर दिया गया।

मामले की जानकारी मिलने पर हल्का लेखपाल तेजपाल सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने निर्माण को अवैध बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया और देखते ही देखते निर्माणाधीन दीवार को ध्वस्त कर दिया।

इस दौरान मौके पर हंगामा, शोर-शराबा और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी रही और किसी भी समय स्थिति बिगड़ने की आशंका बनी रही।

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की तो विवाद और बढ़ सकता है।

वहीं, घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण सीओ कार्यालय पहुंचे और शिकायती पत्र देकर मामले में निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। अब इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जमीन का असली मालिक कौन है और इस विवाद का समाधान कब तक निकल पाएगा। फिलहाल सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# शादी से लौटते हुआ भीषण हादसा, युवक की मौत

## दो बाइकों की टक्कर के बाद अज्ञात वाहन ने कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** शादी से लौट रहे युवकों की बाइकों की आमने-सामने टक्कर के बाद एक युवक को अन्य वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे हसनपुर-गवां मार्ग पर गंगवार और बुरावली गांव के बीच यह हादसा हुआ। जोया क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय राजू अपने दोस्त हरिओम के साथ एक शादी समारोह से मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही मनोज और सोनू की बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में हरिओम, मनोज, सोनू और उनके साथ मौजूद एक छोटी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल हसनपुर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के



शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## अवारा सांड से टकरायी दुल्हे की कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा।** थाना क्षेत्र में शादी की खुशियां उस समय दर्दनाक हादसे में

**■ दुल्हा-दुल्हन समेत पांच घायल**

बदल गई, जब विदाई के बाद लौट रही बारात की कार आवारा सांड से टकरा गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हालत नाजुक होने पर मेरठ रेफर किया गया।

थाना रहरा क्षेत्र के गांव पोरारा के पास सोमवार सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। संभल जिले के गांव शेरपुर से आई बारात शादी की रस्मों के बाद वापस लौट रही थी। कार में दूल्हा विशाल, दुल्हन स्वाति और परिवार के अन्य सदस्य सवार थे।



पेट्रोल पंप के पास अचानक सड़क पर आए सांड से कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों में विजेंद्र, कुनाल और तेजपाल भी शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या को हादसे का कारण बताते हुए प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

## शिकायत पर परिजनों से मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** युवती घर में रखी नकदी व गहने लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। शिकायत करने पहुंचे युवती के परिजनों को प्रेमी के परिजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रेमी समेत उसके परिवार के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना थाना क्षेत्र के ही एक गांव की है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक बीती 14 अप्रैल की रात में किसी समय उनकी 20 वर्षीय बेटी घर से चली गई। जानकारी करने पर पता चला कि गांव का ही इरफान उसे बहलाकर अपने साथ में ले गया। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बेटी के जाने के बाद घर की तलाशी ली तो अलमारी में रखी 1.92 लाख रुपये की नकदी, दो तोला सोना व 40 तोला चांदी के जेवरात गायब थे। आरोप है कि जब इस बात की शिकायत करने वह इरफान के घर पहुंचे तो उसके परिजन आग-बबूला हो गए। गाली-गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में इरफान के अलावा शराफत, फिरोजा, रियासत, फरजाना व गुफरान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। युवती बरामद होने के बाद ही घटना की सच्चाई सामने आएगी।

# निवेश के नाम पर बीस लाख की ठगी

## विरोध करने पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर में निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करीब 20 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने न केवल टालमटोल की, बल्कि पीड़ित के साथ मारपीट कर धमकी भी दी। अदालत के आदेश पर पुलिस ने तीन नामजद समेत दो अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शफातपोता निवासी मोहम्मद आजम के मुताबिक शहर में ही कैलसा बाइपास पर रहने वाले मोहम्मद सादिक से उनकी जान-पहचान थी। 2024 में सादिक ने आजम को गाजियाबाद की एक प्राइवेट कंपनी में पैसे निवेश करने का झांसा दिया। कहा कि निवेश की गई कुल धनराशि का 4 प्रतिशत साप्ताहिक मुनाफा मिलेगा। सादिक ने कंपनी के संच.ालक अतुल कुमार राघव निवासी अंकुर कालोनी जालेसर रोड हाथरस तथा स्वाति चौहान निवासी कन्हेड़ा मोहन नगर गाजियाबाद से भी कॉल पर बात कराई। विश्वास करते हुए आजम ने लालच में 29 मई 2024 को कंपनी के खाते में 19 लाख रुपये ट्रांसफर किए तथा बाद में एक लाख रुपये नकद दे दिए। 30 मई को आजम ने अतुल राघव, स्वाति चौहान व मोहम्मद सादिक के साथ 11 महीना का एक एग्रीमेट किया तथा राघव ने वापस अपना एक चेक आजम को दे दिया था। धनराशि निवेश करने के बाद आजम के खाते में छह महीना तक पैसे वापस आए, लेकिन बाद में पैसे आने बंद हो गए। मोहम्मद आजम ने शिकायत सादिक के साथ ही अतुल व स्वाति से की लेकिन तीनों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोपियों से वह लगातार अपने पैसों का तकादा करते रहे लेकिन आखिर में तीनों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। शिकायत करने पर धमकी दी। दो अप्रैल को आजम किसी काम से जोया जा रहे थे। आरोप है कि पुलिस लाइन के पास सादिक ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ घेरकर मारपीट की। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो उन्होंने अदालत की शरण ली। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि इस मामले में अदालत के आदेश पर अतुल राघव, स्वाति चौहान व सादिक को नामजद के अलावा दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# जहरीली शराब कांड के दो दोषियों को उम्रकैद

## साक्ष्य अभाव में दो को किया बरी, सन् 2012 में धनौरा में पकड़ी थी शराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2012 में पकड़े गए जहरीली शराब बनाने के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। एडीजे तृतीय की अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई, जबकि दो अन्य को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

23 दिसंबर 2012 का मामला मंडी धनौरा थाना क्षेत्र से जुड़ा था। थाने में तैनात रहे दरोगा सुरेश पाल सिंह ने जिला आबकारी अधिकारी अश्वनी कुमार के साथ संयुक्त टीम बनाकर क्षेत्र के गांव मुकारमपुर के पास गंगा किनारे जहरीली शराब तैयार करने वालों ठिकानों पर छापा मारा था। टीम ने यहां से मेरठ जिले के परिक्षत गढ़ थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी परमजीत सिंह और मंडी धनौरा के गांव चांद्रा फार्म निवासी मक्खन चौपड़ा को गिरफ्तार किया था वहीं परमजीत के गांव के रहने वाले विंदर सिंह और काके अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल से भागने में कामयाब हो गए थे। तलाशी के दौरान मौके से भारी मात्रा में अपमिश्रित शराब से भरी कैनो के अलावा ट्यूब मिले थे। इनमें 11 कैन में अवैध शराब के अलावा 3 किलोग्राम यूरिया और एक किलोग्राम नौसादर भी बरामद हुआ था। यूरिया और नौसादर को शराब में मिलाकर उसे जहरीला और तीव्र बनाया जा रहा था। पूछताछ के दौरान परमजीत सिंह और मक्खन चौपड़ा ने लंबे समय से कच्ची शराब में यूरिया और नौसादर मिलाकर उसे अधिक नशीला बनाने के बाद क्षेत्र में बिक्री करना स्वीकार किया था। पुलिस ने विंदर और काके को गिरफ्तार कर लिया था। मामले में पुलिस ने परमजीत सिंह, मक्खन चौपड़ा, विंदर और काके के घखिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बाद में अदालत में पेश कर चारों को जेल भेज दिया था। फिलहाल चारों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एडीजे तृतीय की अदालत में विच.ाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी द्वारा की जा रही थी। सोमवार को अदालत में मुकदमें की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने परमजीत सिंह व मक्खन चौपड़ा को दोषी करार दिया। दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई वहीं साक्ष्यों के आभाव में विंदर और काके को बरी कर दिया।

**एक नजर**

## चाईनीज मांझे पर लगे पूर्ण प्रतिबंध



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और अभियान चलाकर मांझे को जब्त करने की मांग को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। सोमवार। को शिकायत निवारण परिषद के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आलम मलिक एडवोकेट के नेतृत्व में एसपी लखन सिंह यादव को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमे कहा गया है कि अमरोहा में कुछ समय से चाइनीज मांझे का उपयोग अत्यधिक बढ़ गया है। जो आम जनमानस के लिए खतरा बन चुका है। यह मांझा न केवल मानव जीवन के लिए घातक सिद्ध हो रहा है,बल्कि पशु पक्षियों के लिए भी यह जानलेवा साबित हो रहा है। चाइनीज मांझे के कारण राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों के गले कटने की, गंभीर रूप से घायल होने एवं मृत्यु तक होने की घटनाएं घटित हो रही है। इस पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगे। अभियान चलाकर मांझे को जब्त किया जाए।ज्ञापन सौंपने वालों मे अंकित यादव,दानिश मालिक, बंटी राजोरिया, शाहवेज, अमन, उबेद, तनवीर आदि शामिल रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** रिश्तेदारी से लौट रहे युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया। गंभीर हालत में युवक को हायर सैंटर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली के क्षेत्र गांव जिवाई चौकी के सामने मझोला थाना क्षेत्र निवासी पन्ना लाल पुत्र जीराज अपनी रिश्तेदारी से लौट रहे थे। देर शाम अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पन्ना लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों की मदद से घायल को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** पुलिस ने एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते समय गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से नकदी और सट्टे की पर्चियां बरामद हुईं। उपनिरीक्षक अनिल शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर नगर के बस्ती अहरौला तेजवन रोड पर स्थित शमशान के पास एक छापेमारी की और एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते समय गिरफ्तार किया। उसके पास से 430 रुपये और सट्टे की पर्चियां बरामद हुईं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी लवी पुत्र बबलू निवासी मौहल्ला मायापुरी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके चालान किया गया।

## ग्रामीण के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** खेत से अपने घर जा रहे ग्रामीण के साथ गांव के ही लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने चार आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर निवासी इनसर अली बीते दिन खेत से अपने घर जा रहा था कि रास्ते में गांव निवासी गालिब हसन, सादबान, सादाब व रिहान मिले। वे इनसर अली के साथ गाली गलौच करने लगे। इनसर ने उनसे गाली देना का विरोध जताया तो आरा.ेपी कहने लगे कि आज तेरी सारी अकड़ निकाल देंगे, इसके बाद आरोपियों ने इनसर अली को लाठी-डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। उसने बचाने के लिए शोर मचाया तो आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े, किसानों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलायेंगे: डीएम

## नवागंतुक जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रशासनिक फेरबदल में अमरोहा को नया जिलाधिकारी मिल गया है। 2016 बैच के आईएएस नितिन गौड़ ने आज दोपहर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने साफ किया कि उनकी प्राथमिकता सरकार की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना होगी।



प्रदेश सरकार द्वारा जारी तबादला सूची के तहत अमरोहा में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है। हापुड़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे डॉ. नितिन गौड़ को जिले का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने आज दोपहर विधिवत रूप से चार्ज ग्रहण कर लिया और अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बैठक भी की। चार्ज संभालते ही श्री गौड़ ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दीं। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच.ाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाना, जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों में तेजी लाना उनके एजेंडे में शामिल रहेगा। जिलाधिकारी नितिन गौड़ अपनी सादगी और जमीनी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में एसडीएम रहते हुए, सरकारी गाड़ी न मिलने पर उन्होंने कभी नई गाड़ी की मांग नहीं की और करीब एक महीने तक रोडवेज बस और ऑटो से ही ऑफिस आते-जाते रहे। उनकी यह सादगी उस समय मीडिया की सुर्खियां भी बनी थी। दिल्ली में जन्मे श्री गौड़ ने वहीं से एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई पूरी की और बाद में प्रशासनिक सेवा में आए। गोंडा, मुजफ्फरनगर और मथुरा में सेवाएं देने के बाद वे गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त और फिर हापुड़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे। वहीं, अमरोहा की पूर्व जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स का तबादला फतेहपुर कर दिया गया है, जहां उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर एडीएम गरिमा सिंह, एडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम मौजूद रहे।

# बार चुनाव में 1060 वकील आज डालेंगे वोट

## 12 पदों के लिए 55 प्रत्याशी मैदान में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के चुनाव मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बार अध्यक्ष व सचिव समेत 12 पदों के लिए कल (आज) 1060 अधिवक्ता वोट डालेंगे। चुनाव में 55 अधिवक्ता अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा की बागडोर संभालने को लेकर काफी दिनों से कचहरी में चुनावी पारा चढ़ा हुआ था। जीत हासिल करने के लिए प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अधिवक्ताओं का समर्थन जुटाने में लगे थे। अब बारी मतदाताओं की है। 12 पदों के लिए 55 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, अध्यक्ष व सचिव पद के लिए कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। अध्यक्ष पद पर चौन सुख गोले, कपिल चिकारा, आदिश खान सैफी, संजय कुमार शर्मा, अख्तर हुसैन और महाराज सिंह चुनाव मैदान में है।सचिव के लिए भी छह प्रत्याशी अरशद भारती, दिनेश चौहान, धर्मेंद्र सिंह, फारुख अहमद, विशाल कुमार शर्मा और निरंकार सिंह चुनाव में किस्मत आजमा रहे है। आज होने वाले मतदान का रिजल्ट 22 अप्रैल को घोषित किया जाएगा।

# पम्प सैल्समैनों ने दो युवकों को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक पेट्रोल पम्प पर कार्यरत दो सेल्समैनों ने दो युवकों के

**■ घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

साथ लात घूंसों, बेल्टों से मारपीट की। दोनों युवकों ने किसी तरह सेल्समैनों के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। वहीं किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले की



जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वायरल वीडियो हाइवे पर स्थित एक पेट्रोल पम्प का बताया जा रहा है। बताते हैं किसी बात को लेकर सेल्समैनों और दो युवकों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि सेल्समैनों और युवकों के बीच मारपीट शुरू हो गयी। सेल्समैनों ने दोनों युवकों को लात घूंसों से जमकर पीटा। घटना से पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल और डीजल भरवाने आये ग्राहकों में भी अफरातफरी मच गयी। वहीं मौके पर खड़े किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन से घटना का 06 सेकंड का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# गौकशी की सूचना पर पहुंची पुलिस पर फायरिंग

## सिपाही घायल, मुठभेड़ के बाद पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र में गोकशी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरा.ेपी घायल हो गया जबकि एक सिपाही भी छर्रा लगने से जख्मी हुआ। पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

रविवार रात डिडौली कोतवाल जितेंद्र कुमार बालियान हमराह टीम के साथ क्षेत्र गश्त कर रहे थे। औरंगाबाद बैरियर पर चेकिंग के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव तवई के जंगल में तालाब के पास कुछ लोग गोकशी का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके



पर पहुंचते हुए घेराबंदी कर ली थी। दो लोगों को गिरफ्तार किया था। खुद को घिरता देख दोनों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। छर्रा लगने से सिपाही दिलशाद घायल हो गया था।जबकि एक गोली कोतवाल की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी फंस गई थी। जवाबी फायरिंग में एक युवक टांग में गोली लगने से घायल हो गया था। मौके से दो लोग दो बैल व कटान के उपकरण के अलावा तमंचा व कारतूस बरामद हुए थे। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपने नाम बिलाल व महजाद बताए थे। महजाद पिता तथा बिलाल उसका बेटा है। बिलाल व सिपाही दिलशाद को जोया सीएचसी में भर्ती कराया था। मामले में पुलिस ने देर रात ही पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने बिलाल व उसके पिता महजाद को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने इसकी पुष्टि की। वहीं, सीओ सदर अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है, उन्हें भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, देर रात एएसपी अखिलेश भदौरिया व सीओ सदर अभिषेक कुमार ने भी घटनास्थल का मुआयना किया।

## छह साल की उम्र में इनाया ने मुकम्मल किया कुरआन



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** नन्ही आंखों में नूर , लबों पर कुरआन की आयते। छह साल की उम्र में कुरआन मुकम्मल कर इनाया ने बचपन में ही बड़ी मंजिल हासिल कर ली। जैसे ही कुरआन की आखिरी आयत इनाया ने मुकम्मल की परि.जनों में खुशी की लहर दौड़ गई। नन्ही इनाया की इस उपलब्धि से घर में जश्न का माहौल है और मुबारकबाद का सिलसिला जारी है। मोहल्ला मुल्लाना निवासी कामरान खान की छह वर्षीय बेटी इनाया ने कम उम्र में इस्लाम धर्म की मुकद्दस किताब कुरआन ए पाक की तिलावत मुकम्मल कर मिसाल कायम की। इनाया की इस रूहानी कामयाबी से परिजनों मे खुशी की लहर दौड़ गई , और उनके घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। लोग मासूम को अपनी दुआओं से नवाज रहे है। इस्लाम में कुरआन ए पाक की अहमियत सर्वोपरि है, इनाया की यह उपलब्धि पैगाम देती है कि अगर बच्चों को सही दिशा और संस्कार दिए जाए तो बचपन में ही बड़ी मंजिल हासिल की जा सकती है।

## आजमीने हज के एजाज में नातिया नशिस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शिया-सुन्नी एकता मंच के तत्वावधान में हज पर जाने वाले आजमीने-हज के सम्मान में एक पुरनूर नातिया नशिस्त का आयोजन किया गया, जिसमें नात-ए-पाक पेश कर दुआएं की गईं। मोहल्ला सराय कोहना स्थित सैयद इकराम हुसैन जैदी के आवास पर आयोजित इस नशिस्त में जनाब मंसूर अहमद एडवोकेट, सरताज आलम मंसूरी और आदिल अब्बासी के एजाज में कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता हाजी सैय्यद महबूब हुसैन जैदी व संचालन हाजी सैय्यद खुरशीद अनवर ने किया। महफिल का आगाज हाफिज मुकारिम अली सिद्दीकी ने तिलावते कुरआन से किया। वक्ताओं ने हज की अहमियत बताते हुए इसे इस्लाम के पांच अरकान में से एक बताया। आजमीने-हज ने सभी से माफी मांगते हुए दुआओं की दरख्वास्त की। महफिल में महबूब हुसैन जैदी, उवैस मुस्तफा रिजवी, अब्दुल कय्यूम राईनी, महताब हुसैन जैदी, अतीक अहमद कासिम खान, अली इमाम रिजवी यासिर अंसारी, शुजा उल हसन आदि मौजूद रहे।

# मुंबई ने गुजरात को 200 रन का टारगेट दिया

### तिलक वर्मा का पहला आईपीएल शतक, 7 छक्के लगाए, रबाडा को 3 विकेट

**अहमदाबाद, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 19वें सीजन के 30वें मैच में गुजरात टाइटंस को 200 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक वर्मा ने आईपीएल में पहला शतक लगाया। उन्होंने 45 बाल पर 101 रन की पारी खेली। इस पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा, नमन धीर ने 45 रन का योगदान दिया। जीटी से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव (15 रनद्ध, क्विंटन डी काक (13 रन) और डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार (2 रन) को पवेलियन भेजा। 20वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 22 रन खर्च कर दिए। उनकी आखिरी 2 बाल पर तिलक वर्मा ने छक्का और चौका लगाकर शतक पूरा कर लिया।



तिलक ने आईपीएल में पहला शतक लगाया है। 18वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने अशोक शर्मा के ओवर में लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 छक्के और दो चौके शामिल रहे। पहली बाल पर आए छक्के से तिलक ने 33 बाल पर हॉफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में तिलक ने पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। इतना ही नहीं, मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा भी पूरा कर लिया। कगिसो रबाडा के 4 ओवर पूरे हो चुके हैं। 16वें ओवर में रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में महज 4 रन दिए। उनकी इस बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। रबाडा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट झटके। 15वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 19 रन खर्च कर दिए। उनकी शुरुआती 3 बाल पर तिलक वर्मा ने एक छक्का और दो चौके लगाए।

14वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अशोक शर्मा की तीसरी बाल पर बाई का एक रन आया। इसी के साथ मुंबई की पारी का 100वां रन बना। तिलक वर्मा और हार्दिक पंडड्या नाबाद हैं। 13वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने कगिसो रबाडा के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में नमन धीर ने वाशिंगटन सुंदर की दूसरी बाल पर छक्का लगाया। उन्होंने अगली बाल पर एक चौका भी लगा दिया। सुंदर के इस ओवर से 13 रन आए हैं। 10वें ओवर में राशिद खान ने महज 7 रन का ओवर डाला। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। राशिद ने पहले ओवर में 2 रन दिए थे। मुंबई की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 46 रन बनाने में पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव को बोल्ड कर दिया। इस ओवर की शुरुआती दो बाल पर 10 रन आ गए थे। इनमें एक छक्का और एक चौका शामिल रहा। चौथे ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कगिसो रबाडा ने क्विंटन डी काक को अपनी ही बाल पर कैच किया। डी काक 13 रन बनाकर आउट हुए। रबाडा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने मालेवार को एलबीडब्ल्यू किया। तीसरे ओवर में नमन धीर ने मोहम्मद सिराज की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। सिराज के इस ओवर में 10 रन बने। मुंबई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है। यहां पर डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने स्टॅं कराया। मोहम्मद सिराज ने मुंबई की पारी का पहला ओवर डाला। उन्होंने इस ओवर में महज 2 रन दिए। सिराज के ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है।

## हॉकी इंडिया ने 36-सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शि. विर के लिए 36-सदस्ईय संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह की घोषणा की। यह शिविर 20 अप्रैल से 9 मई तक बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य फोकस रणनीतिक तालमेल, फिटनेस और मैच-सिमुलेशन सत्रें पर होगा। टीम का लक्ष्य एक व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाना है। इस अंतर्राष्ट्रीय सत्र में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 का यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेल शामिल हैं। इसके अलावा, टीम अपनी लय बनाने, आपसी तालमेल को निखारने और सभी विभागों में अपनी बेंच स्ट्रेंथ (खिलाड़ियों की गहराई) को मजबूत करने पर भी ध्यान देगी।

गोलकीपिग यूनिट में अनुभवी कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा और पवन प्रमुख हैं। इनके साथ-साथ मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिसदीप सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएं भी मौजूद हैं। रक्षा पंक्ति (डिफेंस) में, टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के हाथों में होगी। इन्हें जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और खिलाड़ियों के एक होनहार समूह का समर्थन मिलेगा, जिसमें पूवन्ना चंदुरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीप जेस और अमनदीप लाकरा हैं। मिडफील्ड में अनुभव और युवा जोश का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।

### खेल विशेष

### सूरज चंद व रूकैया उस्मान ने जीते एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर के खिताब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत के सूरज कुमार चांद और मिस्र की रूकैया उस्मान ने एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर 2026 में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रविवार को खेले गए मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज कुमार चांद को पुरुष फाइनल जीतने में 34 मिनट लगे। उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रयू को 3-0 (11-5, 11-9, 11-3) से हराकर अपना चौथा पीएसए चैलेंजर टूर खिताब पक्का किया। 25 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने चेन्नई में एक शानदार हफ्ता बिताया और खिताब जीतने के सफर में एक भी गेम नहीं हारा। पहले राउंड में 'बाय' मिलने के बाद, चांद ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आर्यवीर दीवान पर 3-0 (11-6, 11-7, 11-8) की जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया और साथी भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल को 3-0 (11-8, 11-1, 11-4) से आसानी से हरा दिया। सेमीफाइनल में भी चांद ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और हांगकांग-चीन के वाइलोक टो को 3-0 (11-8, 11-7, 11-6) से हराया। यह सूरज कुमार चांद का 2024 के बाद पहला स्क्वैश खिताब है।

### क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रुबेल को किया सम्मानित

**मीरपुर, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुक. ाबले से पहले, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन को सम्मानित किया। बीसीबी ने आज यहां ने मैच से पहले का यह समारोह आयोजित किया, जिसमें मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ तमीम इकबाल (तदर्थ समिति के अध्यक्ष) भी मौजूद थे।

### स्टनर्स अकादमी महिला वर्ग में बनी बास्केटबॉल चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टनर्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के महिला वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल में स्टनर्स अकादमी ने गार्गी कॉलेज को 72-67 से पराजित किया। मुख्य अतिथि प्रो. रजनी अब्बी (साउथ कैंपस की डायरेक्टर) ने अन्य अतिथियों - मुकेश कालिया (दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष), ललित वत्स (पीएसपीबी के सलाहकार), अशोक रंगीन (डीबीए के महासचिव), डा. सुशील कुमार (डीयूएससी के सहायक डायरेक्टर) - के साथ मिलकर, प्रिंसिपल प्रो- गुरमोहिदर सिंह और डीपीई डा. इंदरप्रीत कौर की मौजूदगी में, विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस टूर्नामेंट को पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और अयूथ वेदा ने प्रायोजित किया था।

## पंजाब के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में पहुंचे प्रिंस

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज प्रिस यादव कल खेले गए मुक. ाबले में पंजाब किंग्स के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में जगह पहुंच गए हैं। प्रिंस ने इस आईपीएल में सभी छह मैचों में खेले है। रविवार को उन्होंने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटके, इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल 11 विकेट हो गए, जो गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर है।



हालांकि प्रिस की इकॉनमी रेट प्रसिद्ध से बहुत बेहतर है। अंशुल कम्बोज 13 विकेट के साथ अभी भी तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, वहीं राजस्थान रॉयल्स (आआर) के रवि बिश्नोई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 10 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार चौथे नम्बर पर हैं। रविवार के मैचों के बाद आरआर के जोफ्रा आर्चर के भी आठ विकेट हो गए हैं, जो चार अन्य गेंदबाजो के बराबर हैं। इसमें केकेआर के कार्तिक त्यागी भी शामिल हैं, जिन्होंने आरआर के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। वहीं ऑरेंज कैप, रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष तीन स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी SRH और DC

**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में छह-छह अंकों के साथ तालिका में चौथे और पांचवें स्थान पर विराजमान सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स कल राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी।



इस सीरीज में सनराइजर्स हैदराबाद सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीम बनकर उभरी है, जो लगातार 200 से अधिक का स्कोर बना रही है। इसकी मुख्य वजह अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी द्वारा दी गई विस्फोटक शुरुआत है। वहीं ईशान किशन नम्बर तीन पर आकर टीम की गति को और बढ़ाते हैं, जबकि हेनरिक क्लासेन मिडिल ऑर्डर में लगातार बड़े शॉट्स लगाकर सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी का साथ मिलता है, जो बल्लेबाजी इकाई को और मजबूत और लचीला बनाते हैं। इसके विप. रीत, दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को फॉर्म में चल रही पथुम निसंका और केएल राहुल की सलामी जोड़ी स्थिरता देते हैं। समीर रिजवी और करुण नायर मध्यमक्रम में बल्लेबाजी के विकल्प देते हैं, जबकि अक्षर पटेल, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मिलकर मैच को फिनिश करने और तेजी से रन बनाने वाली मुख्य यूनिट बनाते हैं। खासकर स्टब्स, दबाव में भी मैच जिताने की काबिलियत रखने वाले एक अहम 'इम्पैक्ट प्लेयर' साबित हुए हैं। गेंदबाजी में भी दोनों टीमों के बीच उतना ही बड़ा अंतर देखने को मिलता है।

## हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है: हरमनप्रीत कौर

**डरबन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वे छोटे प्रारुप में टीम के खराब प्रदर्शन से चिंतित नहीं है, हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है। भारत ने अपना लगातार दूसरा टी-20 मैच और इस साल का तीसरा मैच गंवा दिया, जब रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आठ विकेट से हरा दिया।

इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज में प्रोटियाज के खिलाफ भारत 2-0 से पीछे हो गया है। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद डरबन में मैच के बाद के हरमनप्रीत ने कहा कि यह मुश्किल समय है। एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है। उम्मीद है, हम (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच के लिए जोहान्सबर्ग)



एक सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे। टी-20 फॉर्मेट ऐसा ही होता है, इसमें एकजुट रहना ही सबसे जरूरी है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (57) ने किंग्समीड में एक तेज अर्धशतक लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दी, लेकिन पारी के आखिरी हिस्से में लगातार विकेट गिरते रहे। टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, एशियाई टीम सिर्फ 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मेजबान टीम ने 148 रनों के जीत के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (54) और सुने लुस (57) ने जवाब में पहले विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी करके यह सुनिश्चित किया कि दक्षिण अफ्रीका आसानी से मैच जीत जाएं। भारत क्षेत्ररक्षण के दौरान भी कई मौकों को भुनाने में नाकाम रहा, और हरमनप्रीत जानती हैं कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में बने रहने के लिए उनकी टीम को जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बल्ले से हम वैसा योगदान नहीं दे पाए जैसा हम चाहते थे। पारी के आखिरी 10 ओवरों में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमें सोचना होगा कि अगले तीन मैचों में हम कैसे खेलेंगे। जब आपके शॉट नहीं लग रहे होते, तो स्ट्राइक रोटेट करना एक अहम बात होती है। हम चर्चा कर रहे थे--- कि हम स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं और इससे हमें उस मुश्किल समय से निकलने में मदद मिल सकती है। लेकिन यह एक ऐसा समय था जब चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं। गेंदबाजी के दौरान पावरप्ले भी हमारे पक्ष में नहीं जा रहा है। शेफाली वर्मा ने अपनी कप्तान की बातों से सहमति जताई और उन्हें लगता है कि भारत दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाकी मैचों और टी-20 विश्व कप के दौरान अपनी फॉर्म में जल्दी सुधार कर सकता है। शेफाली ने कहा, ष्हम सभी अपनी ताकत जानते हैं। हम पूरी ताकत से वापसी करेंगे, एक-दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे, और ज्यादा से ज्यादा व कड़ी मेहनत से अभ्यास करेंगे।

## डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 21 अप्रैल से

**नूह (हरियाणा), वार्ता।** डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने आज डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप की घोषणा की, जो 21 से 24 अप्रैल, 2026 तक हरियाणा के नूह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में होने वाली है।

इस टूर्नामेंट में 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है। डीपी वर्ल्ड और पीजीटीआई ने इस साल जनवरी में एक लैंडमार्क मल्टी-ईयर पार्टनरशिप की घोषणा की, जिसके तहत ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लीडर डीपी वर्ल्ड, भारत के प्रीमियर प्रोफेशनल गोल्फ टूर, पीजीटीआई का टाइटल पार्टनर और ऑफिशियल अम्ब्रेला पार्टनर बन गया। इस टूर्नामेंट में 130 प्रोफेशनल्स हिस्सा लेंगे। इस इवेंट में टॉप इंडियन प्रोफेशनल्स वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंडास (सभी डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन) के साथ-साथ सप्तक तलवार (2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर), खिलन जोशी और हनी बैसोया (दोनों इस सीजन में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के विनर) और अंगद चीमा (पिछले साल डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के दो बार विनर) शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा इस फील्ड में लीडिग विदेशी नाम होंगे। वीर अहलावत और मनु गंडास के अलावा, गुरुग्राम और नूह के होस्ट रीजन को ध्रुव श्योरण और तपेंद्र घई के साथ-साथ मनीष ठाकरान और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया तथा कुशल सिंह, मानव बैस और सौरव राठी जैसे जाने-माने नाम रिप्रेजेंट करेंगे।

## न्यूजीलैंड को 198 रनों पर समेटा

### बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने झटके पांच विकेट

**मीरपुर, वार्ता।** नाहिद राणा (पांच विकेट) की बेहतरीन गें. दबाजी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 48.4 ओवरों में 198 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब हुई और उसने 52रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। हेनरी निकल्स (13), विल यंग (दो) और टॉम लेथम (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मुहम्मद अब्बास ने निक केली के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। नाहिद राणा ने मुहम्मद अब्बास (19) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इस दौरान एक छोर थामे रन बना रहे निक केली को शोरिफुल इस्लाम ने आउट कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका



दिया। निक केली ने 102 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 83 रनों की पारी खेली। इसके बाद बंगलादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज संघर्ष करते हुए विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड ने 53 रन जोड़ कर शेष पांच विकेट गंवा दिए। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (15), ब्लेयर टिकनर (12), जॉश क्लार्कसन (छह), जेडेन लेनॉक्स (शुन्य) और विलियम ओरूर्क (छह) रन बनाकर आउट हुए। नेथन स्मिथ ने (18) रनों की नाबाद पारी खेली। बंगलादेश के लिए नाहिद राणा ने 32 रन देकर पांच विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम को दो विकेट मिले।

## बंगलादेश की महिला टीम ने वनडे मैच में श्रीलंका को तीन विकेट से हराया

**राजशाही, वार्ता।** शर्मिन अख्तर (86) और शोभना मोस्तारी (रिटायर हर्ट, एक विकेट और 41 रन) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने सोमवार को पहले एकदिवसीय मुकबाले में श्रीलंका की टीम को नौ गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने इमेशा दुलानी (52), हंसिमा करुणरत्ने (54), कविशा दिलहारी (30), कप्तान हसिनी परेरा (27) और कौशिनी नुथ्यंगना (18) रन के योगदान से निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 205 रनों का स्कोर बनाया। श्रीलंका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के लिए रितु मोनी ने तीन विकेट लिए। नाहिदा अख्तर को दो विकेट मिले। मारुफा अख्तर, सुल्ताना खातून, राबेया खान



और शोभना मोस्तरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की महिला टीम ने 48-3 ओवरों में सात विकेट पर 206 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से अपने नाम कर लिया। शर्मिन अख्तर ने बंगलादेश के लिए सर्वाधिक 86 रनों की पारी खेली। उन्होंने 127 गेंदों का सामना किया और 13 चौके लगाए। शोभना मोस्तारी 41 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुईं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# मुद्रास्फीति का फैलता दबाव

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के युद्ध ने महत्वपूर्ण ईंधनों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर दिया है। इससे इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ गई हैं और दुनिया की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव फैल गया है। रुपये के अवमूल्यन से आयात की लागत भी बढ़ गई है। इनमें उर्वरक, प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं। पेट्रोकेमिकल उत्पाद फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और आटोमोबाइल के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारत में मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 फीसदी रही और यह फरवरी महीने के 3.2 फीसदी से जरा सा ज्यादा है, लेकिन यह बढ़ोतरी सिर्फ देखने में ही मामूली लगती है। यह बात थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर बढ़ते दबाव से साफ है, जो मार्च में 38 महीनों के उच्चतम स्तर 3.88 फीसदी पर पहुंच गया। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का आधार वर्ष बदलकर 2024 हो गया है, वहीं डब्ल्यूपीआई के आधार वर्ष के रूप में अभी भी 2011-12 का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों की व्याख्या करते वक्त इस फर्क को जरूर ध्यान में रखा जाना चाहिए। मार्च का सीपीआई भले ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 फीसदी दृ 6 फीसदी की सहनशीलता के आरामदायक दायरे के भीतर दिखाई देता है, लेकिन यह आंकड़ा मुख्य रूप से बढ़ती इनपुट लागतों, खासतौर पर ईंधन की कीमतों से प्रेरित दबावों के कहीं ज्यादा जटिल जमाव को छिपाता है। डब्ल्यूपीआई की मुद्रास्फीति फरवरी में लगभग 2.4 फीसदी से बढ़कर मार्च में 3.88 फीसदी हो गई, जो थोक मूल्य के दबाव में होते महीने-दर-महीने तेज इजाफे का संकेत देती है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में इसका मामूली प्रभाव ही देखने को मिला है और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) फरवरी में लगभग 3.4 फीसदी से हल्का बढ़कर मार्च में लगभग 3.8 फीसदी हो गया है। इस अंतर की कई वजहें हैं। इनमें सबसे अहम अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये का लगभग 2.5 फीसदी-3 फीसदी का तेज अवमूल्यन है। चूंकि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस का व्यापार डालर में होता है, इससे आयातित मुद्रास्फीति में और इजाफा हुआ है। कई कंपनियों ने भले ही इन बढ़ती लागतों को वहन कर लिया है, लेकिन यह ज्यादा देर तक नहीं चल सकता है। साथ ही, मार्च में निर्यात (साल-दर-साल के आधार पर लगभग 3 फीसदी- 4 फीसदी की गिरावट और आयात साल-दर-साल के आधार पर लगभग 5 फीसदी - 6 फीसदी की गिरावटऋ में कमी सिर्फ कमजोर मांग का ही नहीं, बल्कि युद्ध के चलते आपूर्ति में आई बाधाओं का भी संकेत है। इसके जवाब में, निर्यातक दृ खासतौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) - अपने उत्पादन को घरेलू बाजार की ओर मोड़ रहे हैं और इस कदम को निर्यात-उन्मुख इकाइयों से ज्यादा घरेलू बिक्री की इजाजत देने वाली नीतिगत छूटों से मदद मिल रही है। इससे स्थानीय स्तर पर आपूर्ति की अधिकता हो रही है, लेकिन बढ़ती इनपुट लागतों के कारण उत्पादकों के मुनाफे में कमी आने के चलते कीमतों का लाभ ग्राहकों तक पहुंचने में देरी हो रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि सीपीआई में अस्थायी रूप से गिरावट आई है। जैसे-जैसे ये दबाव कम होंगे, विकास की गति धीमी होने के बावजूद मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है।

## सरकार की विदेश नीति के लिए झटका



जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर दलाल बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है, यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका है, अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है, बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है, श्री मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाक को अलग- थलग करने में विफल रही है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# शहर की सेहत ठीक नहीं : हमारी आदतें इसका रोग हैं



**प्रो. आर.के. जैन**



शहरों की असल तस्वीर उनकी ऊंची इमारतें नहीं, बल्कि बिखरी हुई नागरिक आदतें बयान करती हैं। भागती सुबह में उड़ता कचरा, लाल बत्ती को रौंदती गाड़ियां, फुटपाथों पर जमे वाहन और सार्वजनिक स्थानों के प्रति बेपरवाहीकृए सब उस मानसिकता का खुला बयान हैं, जो अधिकार तो चाहती है, पर कर्तव्य से बचती है। घर की चमक और बाहर की गंदगी का यह तीखा विरोध अब हमें झकझोरता नहीं, क्योंकि हमने इसे सामान्य मान लिया है। यहीं सिविक सेंस दम तोड़ता है। हम व्यवस्था से उम्मीदें ऊंची रखते हैं, लेकिन उसे बनाने में अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काट लेते हैं। 2026 में भी यही सोच इस समस्या को जिंदा रखे हुए है।

दैनिक जीवन में सिविक सेंस की कमी केवल दिखाई नहीं देती, बल्कि आंकड़ों में भी साफ दर्ज है। देश के शहरी इलाके हर दिन लगभग 1।62 लाख टन नगरपालिका कचरा पैदा करते हैं, जिसका बड़ा हिस्सा अब भी लैंडफिल या खुले में जा पहुंचता है यह बताता है कि स्रोत पर अलग करना और सही निस्तारण जैसी बुनियादी आदतें अब भी हाशिए पर हैं। ट्रैफिक के मोर्चे पर स्थिति और भयावह है। 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.77 लाख से अधिक मौतें दर्ज हुई यानी औसतन रोज 485 जिंदगियां खत्म। ओवरस्पीडिंग, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनदेखी, गलत पार्किंग जैसी लापरवाहियां इस त्रासदी की मुख्य वजह रहीं। सबसे चिंताजनक वह सोच है, जो इन आंकड़ों के पीछे छिपी है दूसरे नहीं मानते, तो मैं क्यों मानूं? यही मानसिकता सिविक सेंस को भीतर से खोखला कर रही है। समस्या सतह पर नहीं, हमारी परवरिश और सामाजिक ढांचे में जमी है। स्कूलों में सिविक सेंस सैद्धांतिक रह जाता है, व्यवहारिक अभ्यास लगभग गायब है। बच्चे किताबों में अनुशासन पढ़ते हैं, पर घर और सड़कों पर उसका उल्टा देखते हैं यहीं से विरोधाभास जन्म लेता है। सफाई को किसी और का काम मानना और सार्वजनिक संपत्ति से दूरी इस कमी को और गहरा करते हैं। कानून तो हैं, पर उनका प्रवर्तन न निरंतर है, न सख्तय जुर्माना अपवाद बनकर रह जाता है, आदत नहीं बदलती। विडंबना यह कि विदेश में नियमों का पालन करने वाला नागरिक, अपने देश में लौटते ही वही पुरानी लापरवाही दोहराता है यही दोहरापन बदलाव की सबसे बड़ी बाधा है।

इसके दुष्परिणाम केवल दृश्य गंदगी तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पर्यावरणकृतीनों पर भारी पड़ते हैं। कचरे और अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियां लाखों लोगों, खासकर गरीबों और बच्चों को प्रभावित कर रही हैं। सड़क दुर्घटनाएं परिवारों को एक झटके में आर्थिक और भावनात्मक संकट में धकेल देती हैं। पर्यावरणीय नुकसान भी गहरा है देश की 296 नदियों के खंड प्रदूषित हैं, जिनमें प्लास्टिक और औद्योगिक अपशिष्ट की बड़ी भूमिका है। कई शहरों में हवा खतरनाक स्तर पर बनी हुई है खुले में कचरा जलाना इसे और विषैला बनाता है, जबकि अव्यवस्थित निपटान भूजल को भी दूषित करता है। इसका असर पर्यटन, निवेश और शहरों की छवि पर साफ दिखता है। जब नागरिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते हैं, तो विकास की रफ्तार भी थमने लगती है।

सरकारी स्तर पर पहलें कमजोर नहीं रहीं स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ने ढांचे को मजबूती दी है और नतीजे भी दिखने लगे हैं। 2025 तक शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, कई शहरों में डोर-टू-डोर संग्रह 90 प्रतिशत कवरेज तक पहुंच चुका है और लीगेसी वेस्ट की सफाई ने रफ्तार पकड़ी है। इंदौर लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 1 बना हुआ है, जबकि सूरत और नवी मुंबई जैसे शहर व्यवहार और प्रबंधन दोनों के सफल मॉडल पेश कर रहे हैं। 2026 के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों ने स्रोत पर 4-स्ट्रीम सेग्रिगेशन को अनिवार्य कर एक स्पष्ट दिशा भी तय कर दी है। फिर भी तस्वीर अधूरी है उपलब्धियों के बावजूद आम नागरिक के व्यवहार में अपेक्षित बदलाव नजर नहीं आता। साफ है, इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी है, लेकिन निर्णायक बदलाव मानसिकता बदलने से ही आएगा। वैश्विक अनुभव बताते हैं कि सिविक सेंस कानून से नहीं, संस्कृति से बनता है। जापान में बच्चे स्कूल की सफाई खुद करते हैं सार्वजनिक जगह गंदा करना वहां अस्वीकार्य है। सिंगापुर ने सख्त प्रवर्तन से ऐसी आदतें विकसित कीं, जो अब स्वाभाविक व्यवहार हैं। भारत में भी इंदौर और सूरत जैसे शहरों ने शिक्षा, सामुदायिक निगरानी और कड़े अमल के संयोजन से उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। अब जरूरी है कि स्कूलों में सिविक सेंस को पाठ विषय नहीं, अनिवार्य व्यवहारिक अभ्यास बनाया जाए, युवाओं को नेतृत्व मिले और तकनीक आधारित निगरानी मजबूत हो। वास्तविक, स्थाई बदलाव तभी संभव है जब इसकी शुरुआत परिवार और शिक्षा दोनों स्तरों से एक साथ हो। समाधान किसी बड़े सूत्र में नहीं, बल्कि निरंतरता और व्यक्तिगत जिम्मेदारी की ठोस आदतों में छिपा है। कूड़ा डस्टबिन में डालना, सिग्नल पर रुकना, फुटपाथ खाली रखना और सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान ए छोटे कदम जब सामूहिक व्यवहार बनते हैं, तभी बड़ा बदलाव आकार लेता है। व्यवस्था को भी ढील नहीं, दृढ़ता चाहिए दोहराए उल्लंघनों पर लाइसेंस निलंबन, अनिवार्य सामुदायिक सेवा जैसे कड़े प्रावधान लागू हों। साथ ही, जिम्मेदार आचरण को पहचान और प्रोत्साहन मिले, ताकि सकारात्मक उदाहरण फैलें। मीडिया, एनजीओ और स्थानीय समुदाय मिलकर लगातार, लक्ष्य-आधारित जागरूकता अभियान चलाएं तभी बदलाव टिकाऊ बनेगा।

अब मुद्दा कब नहीं, कैसे का है। साफ सड़कें, अनुशासित ट्रैफिक और जिम्मेदार नागरिकता किसी एक योजना की देन नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना की पहचान हैं। आंकड़े साफ चेतावनी दे रहे हैं हर दिन 1.62 लाख टन कचरा, सालाना 1.77 लाख सड़क मौतें और लगातार प्रदूषित होती नदियां। इसके बावजूद अगर हम बदलाव टालते हैं, तो समस्या ही हमारी आदत बन जाएगी। विकसित भारत का सपना नीतियों से नहीं, हमारे रोजमर्रा के व्यवहार से साकार होगा। सिविक सेंस कोई विचार भर नहीं, बल्कि हमारी पहचान बनना चाहिए और इसकी शुरुआत आज, अभी, हमारे हर छोटे जिम्मेदार कदम से होनी चाहिए।

# गुजरात जा रहे हैं, तो इन जगहों को न भूलें

**पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ ३ वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।**

गुजरात में घूमने के लिए ऐसी कई जगहें हैं, जो बच्चों को बहुत पसंद आएगी। अगर आप गुजरात के ही रहने वाले हैं, तो वीकेंड पर यहां जाने का प्लान बना सकते हैं, लेकिन अगर आप गुजरात घूमने गए हैं और बच्चों को किसी खास जगह पर घुमाना चाहते हैं, तो इन जगहों पर जाना बिल्कुल न भूलें, क्योंकि यहां जाकर केवल बच्चों को ही नहीं बल्कि आपको भी मजा आने वाला है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ खास ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जहां मस्ती करने के लिए आप जा सकते हैं।

### समुद्री राष्ट्रीय उद्यान

अगर भी बच्चों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इस जगह को लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। यहां पर लोग विदेशी पक्षियों और रंग बिरंगा मूंगा देखने आते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको समुद्री जानवरों की कई प्रजातियों के साथ-साथ डॉल्फिन भी देख पाएंगे। हालांकि इसके लिए आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। बता दें कि गुजरात में घूमने के लिहाज से यह काफी अच्छी जगह है।

### कैसे पहुंचे

आप करीबी हवाई अड्डे जामनगर से यहां आ सकते हैं और यह सिर्फ 7 किमी की दूरी पर है। इसके अलावा आप यहां पर राजकोट और जामनगर रेलवे स्टेशन के जरिए यहां तक यात्रा कर सकते हैं।

### पिरोटन द्वीप



पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ 3 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।

### ऐसे पहुंचें

आपको बता दें कि यहां पर आप सिर्फ जलमार्ग से ही आ सकते हैं। इसके लिए आपको बेदी में नजदीकी बंदरगाह से एक किराए पर नाव लेनी होगी, जो आपको 2 घंटे में यहां पर पहुंचाएगी। अगर आप भी कुछ मजेदार करना चाहते हैं, तो अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए।

### वस्त्रपुर झील

यह तो सभी जानते हैं कि बच्चों को पानी वाली जगह से बहुत प्यार होता है। झील और समुद्र आदि बच्चों की पसंदीदा जगह होती है। ऐसे में आप बच्चों के साथ शहर की व्यस्त जिंदगी से अलग सुकून और शांति का समय बिताने के लिए यहां जा सकते हैं। यहां पर आप बच्चों के साथ पिकनिक और बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।


### ऐसे पहुंचे

अहमदाबाद से पालनपुर तक के लिए आपको आसानी से बस मिल जाएगी। इसकी दूरी 143 किमी है और आप यहां सिर्फ 3 घंटे में पहुंच जाएंगे।

# एक शैवाल जो नाइट्रोजन को उपयोगी बनाती है

कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस के समान नाइट्रोजन भी एक जरूरी पोषक तत्व है। पृथ्वी के वायुमंडल में लगभग 80 प्रतिशत नाइट्रोजन है लेकिन मजेदार बात है कि पेड़-पौधे इसका उपयोग तब तक नहीं कर सकते जब तक कि इसे यौगिकों में न बदल दिया जाए। नाइट्रोजन स्थिरीकरण का यह अत्यंत महत्वपूर्ण काम पृथ्वी पर सिर्फ आर्किया और बैक्टीरिया समूह के सूक्ष्मजीव कर पाते हैं और इन्हीं की बदौलत नाइट्रोजन पेड़-पौधों को मिलती है। लेकिन हालिया अध्ययन से पता चला है कि एक शैवाल भी यह काम कर सकती है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने पहली ऐसी शैवाल की खोज की है जो उसमें पाए जाने वाली एक छोटी कोशिका संरचना की बदौलत हवा की नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकती है। नाइट्रोजन सजीवों की वृद्धि एवं जीवन क्रियाओं के लिए एक अनिवार्य तत्व है लेकिन पेड़-पौधे, शैवाल वगैरह तात्विक नाइट्रोजन का उपयोग नहीं कर सकते, बल्कि तभी कर सकते हैं जब वह यौगिकों के रूप में मिले। शोधकर्ताओं ने इस शैवाल में पाई गई इस संरचना को अंगक यानी ऑर्गेनेल कहा है। और इसे नाम दिया गया है नाइट्रोप्लास्ट।

यह शोध अप्रैल 2023 में साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीक से इस संरचना के जीन्स को पौधों में रोप दिया जाए तो वे स्वयं नाइट्रोजन को परिवर्तित करने में सक्षम हो सकते हैं। इससे फसलों की पैदावार बढ़ सकती है और रासायनिक उर्वरकों पर




निर्भरता कम हो सकती है। अध्ययन के एक सह लेखक कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के समुद्री पारिस्थितिक वैज्ञानिक के. जोनाथन जेहर कहते हैं कि अब तक पाठ्य पुस्तकों के अनुसार नाइट्रोजन स्थिरीकरण (यानी नाइट्रोजन तत्व को यौगिकों में बदलने) की क्षमता केवल बैक्टीरिया और आर्किया समूह में ही पता थी। यह प्रोकैरियोटिक जीव हैं। कोशिका बनावट के आधार पर जीव दो तरह के होते हैं। प्रोकैरियोट (जिनमें केंद्रक नहीं पाया जाता) और यूकैरियोट (जिनमें सुस्पष्ट केंद्रक पाया जाता है और जेनेटिक पदार्थ केंद्रक में होता है)। उनका अध्ययन बताता है कि शैवाल की यह प्रजाति पहला यूकैरियोटिक जीव है जिसमें नाइट्रोजन स्थिरीकरण की क्षमता है। यूकैरियोटिक जीवों में पौधे और जंतु शामिल हैं। 2012 में जेहर के शोधदल ने बताया था कि ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी (Braarudosphaera bigelowii) नामक एक समुद्री शैवाल नाम के बैक्टीरिया से करीबी रूप से जुड़ा रहता है। लगता था कि यह बैक्टीरिया शैवाल की कोशिका के अंदर या उसके ऊपर रहता है। शोधकर्ताओं का अनुमान था कि यह बैक्टीरिया नाइट्रोजन गैस को अमोनिया जैसे यौगिकों में बदल देता है जिसका उपयोग शैवाल अपनी वृद्धि में करता है। माना गया था कि नाइट्रोजन के बदले में बैक्टीरिया को शैवाल से कार्बनिक ऊर्जा स्रोत अर्थात पोषक पदार्थ मिलते होंगे, लेकिन नवीनतम अध्ययन के आधार पर शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि UCYN-A बैक्टीरिया को एक स्वतंत्र जीव के रूप में नहीं बल्कि इस शैवाल के अंदर रहने वाले एक अंगक के रूप में देखा जाना चाहिए। जेहर का कहना है कि एक पूर्व अध्ययन में किए गए जेनेटिक विश्लेषण के अनुसार इस शैवाल और बैक्टीरिया के पूर्वजों के बीच लगभग 10 करोड़ वर्ष पूर्व एक सहजीवी सम्बंध स्थापित हुआ था। इस सहजीवी सम्बंध ने अंततः एक अंगक का रूप ले लिया है, नाइट्रोप्लास्ट। यह अब ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी शैवाल के अंदर विराजमान है।

### इसे अंगक क्यो कहें?

आखिर किसी कोशिका के अंदर रहने वाले जीव को स्वतंत्र जीव न मानकर अंगक क्यों माना जाए? किसी मेजबान कोशिका के अंदर रहने वाला बैक्टीरिया अंगक है या नहीं, यह तय करने के लिए दो प्रमुख मापदंडों का उपयोग किया जाता है। पहला तो यह है कि विचाराधीन कोशिका संरचना (बैक्टीरिया) मेजबान कोशिका में पीढ़ी-दर-पीढ़ी साथ चलना चाहिए अर्थात जब मेजबान कोशिका विभाजित होकर दो कोशिकाएं बनें तो दोनों में वह संरचना पहुंचनी चाहिए। दूसरी कसौटी यह है कि वह संरचना मेजबान कोशिका द्वारा मिलने वाले प्रोटीन पर निर्भर होना चाहिए। नाइट्रोप्लास्ट इन दोनों मापदंडों पर खरा पाया गया है। इस कोशिका के विभाजन के विभिन्न चरणों में दर्जनों शैवाल कोशिकाओं की इमेजिंग करके शोधकर्ताओं ने पाया कि मेजबान कोशिका के विभाजन के ठीक पूर्व नाइट्रोप्लास्ट दो भागों में विभाजित हो जाता है।

इस तरह यह नाइट्रोप्लास्ट मूल कोशिका से उसकी संतान कोशिकाओं में स्थानांतरित होता रहता है। यह ठीक वैसा ही है जैसा कि कोशिका में उपस्थित अन्य अंगकों में होता है। उल्लेखनीय है कि क्लोरोप्लास्ट और माइटोकॉण्ड्रिया भी अंगक ही हैं और उनमें भी कोशिका विभाजन के दौरान ऐसा ही होता है। इसके अलावा क्रोमोप्लास्ट, एमायलोप्लास्ट आदि भी अंगक ही हैं। माना जाता है कि ए भी कभी स्वतंत्र रूप से रहने वाले जीव थे जो अब पौधों की कोशिकाओं में स्थाई रूप से बस गए हैं और पादप अंगक कहलाते हैं। क्लोरोप्लास्ट के कारण ही पौधों में प्रकाश संश्लेषण संभव हुआ है और माइटोकॉण्ड्रिया ऑक्सी-श्वसन क्रिया को संभव बनाता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि इस नाइट्रोप्लास्ट को सारे जरूरी प्रोटीन्स शैवाल की कोशिका से ही मिलते है। हालांकि नाइट्रोप्लास्ट मेजबान कोशिका के आयतन का 8 प्रतिशत से ज्यादा होता है लेकिन इसके पास वे मुख्य प्रोटीन ही नहीं होते जो प्रकाश संश्लेषण और आनुवंशिक पदार्थ बनाने के लिए जरूरी हैं। ए प्रोटीन उसे शैवाल से ही प्राप्त होते हैं।

### आंतरिक सहजीवी

सर्व प्रथम एंड्रियास शिंपर ने सन 1883 में यह प्रस्ताव रखा था कि वर्तमान पेड़-पौधों की कोशिकाओं में पाया जाने वाला क्लोरोप्लास्ट कोशिकीय सहजीविता का एक उदाहरण है। इस परिकल्पना के अनुसार क्लोरोप्लास्ट उन सायनोबैक्टीरिया के वंशज हैं जो किसी जीव द्वारा भक्षण के दौरान कोशिका के अंदर ले लिए गए थे। किसी कारण से ए पचने से बच गए और अब वहां आंतरिक सहजीवी के रूप में निवास कर रहे हैं। सायनोबैक्टीरिया और क्लोरोप्लास्ट द्वारा निर्मित प्रोटीन में समानताओं के आधार पर इस परिकल्पना को बल मिलता है। समय के साथ यह आंतरिक सहजीवी स्वतंत्र रूप से रहने की क्षमता खो बैठे क्योंकि उनकी अनुवांशिक सूचनाओं (डीएनए) का एक बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे मेजबान कोशिका के केंद्रक में स्थानांतरित हो गया। उपरोक्त तथ्यों के चलते क्लोरोप्लास्ट व माइटोकॉण्ड्रिया के लिए आंतरिक सहजीवी शब्द का उपयोग उचित ही लगता है। **---साभार प्रभा**

## दक्षिण कोरिया व भारत सम्बन्धों को भविष्योन्मुखी साझेदारी में बदलेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को यहां द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने का संकल्प लिया और कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच के ये संबंध प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनी. तिक हितों पर आधारित होंगे। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आठ वर्ष बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के बीच के गहरे तालमेल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन के प्रति सम्मान दोनों देशों की मूल पहचान का हिस्सा है।



**श्रीनगर। निजी बसों के चालकों और कंडक्टरों द्वारा सरकार के स्मार्ट सिटी बस सेवाओं को अन्य जिलों में विस्तारित करने के प्रस्ताव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद बस स्टैंड के पास से गुजरते लोग।**

## फ्रांस ने एलन मस्क को पूछताछ के लिए बुलाया, एक्स पर डीपफेक कंटेट का आरोप


**पेरिस।** फ्रांस की जांच एजेंसियों ने इलान मस्क को पेरिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। यह मामला उनकी कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) पर चाइल्ड एब्यूज और डीपफेक कंटेंट फैलने के आरोपों से जुड़ा है। यह जांच जनवरी 2025 में शुरू हुई थी। शुरुआत में आरोप था कि एक्स का एल्गोरिद्म फ्रांस की राजनीति को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल हो सकता है। बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर एक्स के एपी चौटबाट 'ग्रोक' को भी शामिल किया गया। एक्स के एपी चौटबाट पर महिलाओं और बच्चों की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने का आरोप है। इसी केस में पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो और कुछ कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# अमेरिकी पायलटों के फंसने से बौखलाए थे ट्रम्प

### सहयोगियों पर चीखे, फिर टीम ने वॉर रूम से बाहर रखा, सहयोगियों ने उन्हें बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर करने से गुरेज नहीं किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के युद्ध विराम की मियाद 21 अप्रैल को पूरी होने वाली है। अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान एक मौका, तो ऐसा आ गया था, जब ट्रम्प अचानक हुए कुछ घटनाक्रमों के चलते बुरी तरह बौखला गए थे।

आलम यह था कि राष्ट्रपति लगातार अपने सहयोगियों पर चिल्लाते जा रहे थे। नतीजतन उनके सहयोगियों ने उन्हें एक बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर तक करने से गुरेज नहीं किया। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा खुलासा किया है अमेरिकी अखबार-द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने। अमेरिकी अधिकारियों और व्हाइट हाउस से जुड़े सूत्रों के हवाले से छपी इस रिपोर्ट में ट्रम्प के लगातार बदलते रवैये का उदाहरण देने के लिए जिस घटनाक्रम की बात की गई है, वह था-ईरान में एक अमेरिकी एफ-15ई लड़ाकू विमान के क्रैश होने और इसके पायलट-एयरमैन



■ ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है

के ईरानी धरती पर फंसने की। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे ट्रम्प का अनियंत्रित-बेलगाम व्यवहार उनके प्रशासन, रिपब्लिकन पार्टी और उनके समर्थकों के लिए भी चिंता का विषय बनता चला गया। ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है। हालांकि, अखबार ने कुछ घटनाक्रमों के जरिए दावा किया है कि ट्रम्प अंदरूनी बैठकों और मुलाकातों में अपने डर भी जाहिर करते रहे हैं। इतना ही नहीं एक मौके पर तो उनका व्यवहार अचानक से अस्थिर हो गया। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों और व्हाइट हाउस के सूत्रों के मुताबिक, यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने और एक समझौते पर पहुंचने के लिए बेताब हैं, लेकिन इसके लिए वे एक अजीब रणनीति अपना रहे हैं। ईरान को डराकर बातचीत की मेज पर लाने के लिए वे जानबूझकर खुद को अस्थिर और खतरनाक दिखा रहे हैं। इसी के चलते उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना किसी सलाह के अचानक ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की धमकी दे डाली। इसके अलावा, उन्होंने ईस्टर के दिन अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए अल्लाह की तारीफ जैसे पोस्ट किए, ताकि ईरानियों को उन्हीं की भाषा में डराया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प कुछ मौकों पर अमे. रिकी सैनिकों के हताहत होने को लेकर भी बेहद चिंतित दिखाई दिए हैं। इसी कारण उन्होंने खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के सैन्य सुझाव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अमेरिकी सैनिक वहां ईरान के आगे आसान निशाना बन जाएंगे। हालांकि, ईरान को लेकर वे लगातार आक्रामक और भड़काऊ भाषण देते रहे। अधिकारियों का कहना है कि गंभीर सैन्य संघर्ष के बीच भी राष्ट्रपति का ध्यान अक्सर भटक जाता है।

# कूटनीतिक बातचीत सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार: अजीजी

### अमेरिका से कोई भी बातचीत तभी सफल होगी, जब ईरान के राष्ट्रीय हित सुरक्षित हों: वरिष्ठ ईरानी सांसद

**तेहरान/मास्को।** ईरान के वरिष्ठ सांसद इब्राहिम अजीजी ने सोमवार को अमेरिका के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत को सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार बताया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी बातचीत तभी होगी जब वह पूरी तरह से ईरान के राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के पक्ष में हो।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख अजीजी ने अल जजीरा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बात. चीत को लेकर ईरान का रुख रणनीतिक गणना पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में होने वाली संभावित वार्ताओं सहित मौजूदा बातचीत को 'युद्ध के मैदान के विस्तार' के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है। लेकिन अगर अमे. रिकी इसे अपनी दादागिरी और अत्यधिक मांगों का मंच बनाना चाहते हैं, तो यह कतई स्वीकार्य नहीं है। अजीजी ने पुष्टि की कि ईरान ने अमेरिका के साथ बात. चीत जारी रखने का फैसला तो किया है,



■ ईरान को अपने शांति पूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु उफर्जा के उपयोग का पूरा अधिकार: काजेम जलाली
■ ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है
■ अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है: अजीजी

लेकिन यह 'किसी भी कीमत पर' नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान की 'लक्ष्मण रेखा' पर कोई समझौता नहीं होगा और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में प्रतिनिधिमंडल भेजना इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका, ईरान के रुख पर कोई 'सकारात्मक संकेत' देता है या नहीं। उन्होंने कहा कि ईरान सैद्धांतिक रूप से बातचीत का विरोधी नहीं है, लेकिन इसके नतीजे आपसी सम्मान और ठोस लाभ वाले होने चाहिए। अजीजी ने कुछ प्रमुख शर्तें भी सामने रखीं, जिनमें ईरान की फ्रीज की गई संपत्ति को जारी करना और लेबनान जैसे क्षेत्रीय मुद्दों पर ध्यान देना शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान के क्षेत्रीय सहयोगियों के हितों को नुकसान पहुंचाया गया या पिछले वादों को अनदेखा किया गया, तो इसे तेहरान की शर्तों को खारिज करना माना जाएगा और इसके गंभीर परिणाम होंगे। वहीं रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का पूर्ण सदस्य होने के नाते ईरान शांतिपूर्ण कार्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग करने का हकदार है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक में सोमवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में जलाली ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान अपनी भविष्य की परमाणु गति. विधियों को पूरी तरह से संधि के दायरे में रहकर ही संचालित करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि एनपीटी के पूर्ण सदस्य के रूप में, हमें उस संधि से मिलने वाले अपने सभी अधिकारों का उपयोग करना चाहिए, विशेष रूप से शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग। इससे पहले इसी महीने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने संकेत दिया था कि ईरान के परमाणु ऊर्जा के अधिकार पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जलाली ने कहा कि ईरान ने अपनी 'लक्ष्मण रेखा' (रेड लाइन्स) तय कर दी है और वह उनसे कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि तनाव खत्म करने की प्रगति काफी हद तक अमेरिका के रुख पर निर्भर करती है। उनका तर्क था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बातचीत के जरिए वह हासिल नहीं कर पाएंगे जो सैन्य दबाव के जरिए हासिल नहीं किया जा सका। इस साल की शुरुआत में तनाव तब बढ़ गया था जब 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और नागरिक हताहत हुए थे।

## जंग में जो जीत नहीं कर सके, उसे मेज पर भी हासिल नहीं पाएंगे: ट्रम्प: ईरानी दूत

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजरायल की ओर से शुरू किया गया युद्ध अपने किसी भी उद्देश्य को हासिल करने में विफल रहा है। ईरान ने चेतावनी दी कि अमेरिका को बातचीत की मेज पर उस सफलता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, जिसे वह युद्ध के मैदान में हासिल करने में नाकाम रहा है। रूस के समाचार पत्र 'वेदोमोस्ती' को दिए साक्षात्कार में, रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान हर मोर्चे पर विफल रहा है। उन्होंने अमे. रिका-इजरायल के उन दावों को खारिज कर दिया कि वे सैन्य रूप से ईरान को तेजी से हरा सकते हैं और सत्ता परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनका इनमें से कोई भी लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। 'अल जजीरा' के साथ एक अन्य साक्षात्कार में युद्ध के नतीजों पर सवाल उठाते हुए जलाली ने कहा कि उन्होंने कहा था कि वे कुछ ही दिनों में ईरान पर कब्जा कर लेंगे। वे अपने किस उद्देश्य में सफल हुए? किसी में नहीं। अमेरिका-इजरायल के हमले नाकाम रहे हैं। जलाली ने तंज कसते हुए कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका के लक्ष्य सिमटते जा रहे हैं-व्यापक राजनीतिक परिवर्तन से लेकर अब वे हॉर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने



जैसी रणनीतिक चिंताओं तक आ गए हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका की ए महत्वाकांक्षाएं भी पूरी नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वे सत्ता परिवर्तन चाहते थे, लेकिन अब वे उस स्थिति में आ गए हैं, जहां वे केवल हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना चाहते हैं।

## ईरान-अमेरिका वार्ता टूटने की संभावना के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत टूटने की संभावना के संकेतों की वजह से ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और वह 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच रही हैं, जबकि यूरोपीय गैस की कीमतें लगभग 10 प्रतिशत उछलकर 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से ऊपर पहुंच गई हैं। यह जानकारी व्यापारिक आकड़ों में दी गई। ग्रीनविच मानक समय के अनुसार रात 10:15 बजे तक ब्रेंट कच्चे तेल के वायदा भाव में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 96 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गया। लंदन स्थित आईसीई एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, यूरोपीय गैस की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है वह अब 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से अधिक हो चुकी हैं। टीटीएफ (नीदरलैंड में स्थित यूरोप का सबसे बड़ा केंद्र) सूचकांक पर मई के वायदा सौदे रात 09:59 बजे 518 डॉलर प्रति हजार घन मीटर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले कारोबारी दिन की 472.7 डॉलर की कीमत से 9.6 प्रतिशत अधिक है।

## अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

**लुइसियाना।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है।

यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुता. बिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लाक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असाल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों

■ अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है

की पहचान जयला एल्किंस (3), शायला एल्किंस (5), कायला प्यू (6), लैला प्यू (7), मरकेडान प्यू (10), सारियाह स्नो (11), खेडारियन स्नो (6) और ब्रेलान स्नो (5) के रूप में की है। इस हमले में 13 साल का लड़का भी घायल हुआ, जो जान बचाने के लिए घर से भागा और छत से कूद गया। श्रेवेपोर्ट पुलिस के मुताबिक मारे गए बच्चों में तीन लड़के और पांच लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच थी। इनमें सात सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था। हमले में दो महिलाएं भी घायल हुईं, जिनमें से एक आरोपी की पत्नी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ट्रम्प टैरिफ का सबसे बड़ा रिफंड शुरू

### उपभोक्ताओं को ब्याज समेत 90 दिन में पैसा वापस मिलेगा, 13.8 लाख करोड़ लौटाने हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में लगाए गए टैरिफ को अवैध ठहराने के बाद रिफंड की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

अमेरिकी कंपनियां सोमवार से नए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकती हैं। इसे अमे. रिकी इतिहास का सबसे बड़ा टैरिफ रिफंड माना जा रहा है, जिसमें 166 अरब डालर (करीब 13.8 लाख करोड़ रुपये) लौटाए जाने हैं। रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प प्रशासन ने आपातकालीन शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर टैरिफ लगाए थे। इसके बाद कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इंपोर्टर्स को उनकी जमा राशि और ब्याज लौटाने के निर्देश दिए थे। इस फैसले के तहत करीब 3.3





■ रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है

लाख इंपोर्टर्स को राहत मिलेगी, जिन्होंने पिछले साल कार पार्ट्स से लेकर स्मार्टफोन तक पर भारी टैक्स चुकाया था यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) ने कंसोलिडेटेड एडमि निस्ट्रेशन एंड प्रासेसिंग ऑफ एंट्रीस (सीएपीई) नाम का नया पोर्टल लान्च किया है। यह एसीई (**Automated Commercial Environment**) सिस्टम का हिस्सा है। इसके जरिए इंपोर्टर्स 'सीएपीई डिक्लेरेशन' दाखिल कर अपने क्लेम सबमिट कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने का दावा किया गया है। 60-90 दिनों में मिलेगा पैसा रिफंड पाने के लिए इंपोर्टर ऑफ रिकॉर्ड और अधिकृत कस्टम ब्रोकर्स को एसीई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और बैंक अकाउंट डिटेल्स देनी होंगी। सीबीपी के मुताबिक, सही और पूरी जानकारी वाले आवेदन पर 60-90 दिनों में भुगतान किया जा सकता है। दस्तावेजों में कमी या जांच की जरूरत होने पर देरी संभव है। सीबीपी ने साफ किया है कि पहले चरण में सभी इंपोर्टर्स को रिफंड नहीं मिलेगा। फिलहाल केवल 'अनलिक्विडेटेड एंट्रीज' (जिनका टैक्स आकलन अभी पूरा नहीं हुआ) और 80 दिनों के भीतर की एंट्रीज को शामिल किया गया है। बाकी मामलों को आगे के चरणों में लिया जाएगा। कोर्ट में पेश आंकड़ों के अनुसार, करीब 3.3 लाख इंपोर्टर्स ने कुल 166 अरब डालर का टैरिफ भुगतान किया था। 9 अप्रैल तक इनमें से केवल 56,500 इंपोर्टर्स ने ही इलेक्ट्रानिक पेमेंट सिस्टम में रजिस्ट्रेशन कराया है, जो रिफंड पाने के लिए जरूरी है।

## यूएई को पड़ेगी अमेरिका से आर्थिक सहायता की जरूरत!

**मास्को।** 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधियों ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत में वित्तीय सहायता की संभावना जताई है।

पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई है। संयुक्त अरब अमीरात के केंद्रीय बैंक के गवर्नर खालिद मोहम्मद बालमा ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ बैठकों के दौरान 'मुद्रा विनिमय मार्ग' (करेंसी स्वैप लाइन) स्थापित करने की

■ पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई

संभावना पर चर्चा की। संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने अब तक इस संघर्ष के सबसे बुरे आर्थिक परिणामों से खुद को बचाए रखा है, लेकिन उन्हें फिर भी वित्तीय सहायता की आवश्यकता हो सकती है। इस बीच, कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी ने भी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से

M.B.B.S. ABROAD
Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# ईरान युद्ध से आर्थिक दबाव में एशिया के कई देश

### तेल-गैस सप्लाई रुकी, फैक्ट्रियां ठप, एक्सपर्ट बोले: ये आर्थिक संकट सुनामी जैसा, संकट में ट्रांसपोर्ट सेक्टर, सप्लाई खतरे में

**वाशिंगटन।** ईरान में 28 फरवरी से शुरू हुआ युद्ध एशिया-प्रशांत इलाके पर उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से और ज्यादा असर डाल रहा है। शुरुआत में लगा था कि तेल और गैस की कमी का असर धीरे-धीरे दिखेगा, लेकिन हकीकत में कई देशों की अर्थव्यवस्था और आम जिंदगी पर अचानक बड़ा झटका लगा है।

कई विशेषज्ञ इसकी तुलना कोविड जैसे बड़े संकट से कर रहे हैं। भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है। आने वाले महीनों में उड़ानें रद्द होने, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने, फैक्ट्रियों के रुकने, सामान की सप्लाई में देरी और बाजारों में रोजमर्रा की चीजों की कमी देखने को मिल सकती है। इसमें प्लास्टिक बैग, इंस्टेंट नूडल्स, वैक्सीन, सिरिंज, लिपस्टिक, माइक्रोचिप और स्पोर्ट्सवियर जैसी चीजें भी शामिल हैं।

■ भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के रास्तों से व्यापार कुछ और हफ्तों तक बाधित रहा, तो कई देशों में हालात बिगड़ सकते हैं, अशांति फैल सकती है और मंदी आ सकती है।

कई कंपनियां दिवालिया होने के कगार पर हैं और सरकारें महंगाई को काबू में रखने के लिए भारी कर्ज ले रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुता. बिक, साल के अंत तक एशिया में लाखों लोग गरीबी में जा सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, दुनिया की अर्थव्यवस्था लगभग हर जगह धीमी हो रही है क्योंकि दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई बाजार से बाहर हो गई है। मिडिल ईस्ट से आने वाला तेल-गैस रुकने से पूरे एशिया की सप्लाई चेन हिल गई है। एशिया-प्रशांत पर सबसे ज्यादा असर इसलिए पड़ा क्योंकि यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट के तेल और गैस पर बहुत ज्यादा निर्भर है, यहां की अर्थव्यवस्था आपस में गहराई से जुड़ी है और पहले से ही ऊर्जा की मांग ज्यादा थी जबकि सप्लाई कम पड़ रही थी। यहां तक कि अगर होर्मुज की समस्या कल ही ठीक भी हो जाए तो भी तेल और गैस की सप्लाई को पहले जैसे स्तर पर आने में सालों लग सकते हैं। चीन जैसे अमीर देशों पर असर थोड़ा कम होगा क्योंकि उनके पास ज्यादा संसाधन हैं, लेकिन बाकी एशिया में हालात ज्यादा खराब हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108